# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 13 सितंबर 2024


www.cvru.ac.in

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University




THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC

## ADMISSION OPEN [2024-25]

### Special Features at CVRU Chhattisgarh

- Fully Automated Library with KOHA Software, integrated with RFID System
- Smart Classrooms with smart boards
- NEP Implemented Multi Entry Multi exit 3 year/4 year UG programme
- Research-oriented environment with ultra modern facilities
- Online Live Lectures & contents in MOOCS, SWAYAM, NPTEL
- Enhancement in Skill based Education
- 150+ MoUs with national & international organizations and industry partners
- 14 Centres, Clubs & Committees for Holistic Development of Students
- Hostel Facilities
- Sustainable campus with Solar Energy resources & Energy Park
- Excellent indoor & outdoor Sports facilities
- (iTBI) inclusive technology business Incubator supported by DST Govt. of India
- Chhattisgarhi Lok Kala and Sanskriti Kendra & Chhattisgarhi Museum (Sanjohi)
- Fulfil civic and social responsibility through NSS, NCC, UBA & Social outreach activities
- Strong Industrial linkage with National & MNC'S to ensure valuable opportunities for internships and job placements, enriching students' practical experiences.
- Herbal Medicinal Garden & Raman Greens
- 1,000 Mbps optical fibre Speed
- CIF (Central Instrumentation facility with advanced lab equipments)
- Transport Facilities

Hostel and Transport amenities will be granted to those who applies First

## PROGRAMMES OFFERED

### ENGINEERING & TECH.

- B.Tech.
  - Mechanical Engineering
  - Civil Engineering
  - Electrical Engineering
  - Electronics & Comm. Engg
  - Computer Science Engg.
  - Electrical & Electronics Engg.
- Polytechnic Diploma
  - Civil Engineering
  - Mechanical Engineering
  - Computer Science Engg.
  - Electrical Engineering
- M. Tech.
  - Digital Communication
  - Power System
  - Computer Science Engg.
  - Production Engineering
  - VLSI • Software Engg.
- UG Diploma in Fire Safety Management

### PHARMACEUTICAL SCIENCES

- B. Pharm-(4-Year Course)
- D. Pharm-(2-Year Course)
- M. Pharm-(2-Year Course)
- UG Nutrition & Dietetics

### MANAGEMENT

- B.B.A.| M.B.A. |PGDBM

### COMMERCE

- B.Com. | M.Com.

### LAW

- LL.M. | LL.B.
- B.A. (LL.B.)
- B.Com.(LL.B.)

### SCIENCE

- B.Sc. (Mathematics, Biology, Microbiology, Biotech, Computer Science, Rural Technology)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics, Micro-biology, Botany, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Technology, Applied Physics)
- PGDRD

### PHYSICAL EDUCATION

- B.P.E.S. | M.P.E.S.

### EDUCATION

- B.Ed. | M.Ed.

### ARTS

- B.A.
- PERFORMING & FINE ARTS (Indian Music (Vocal) Kathak, Tabla, Guitar) B.P.A. | M.P.A.
- M.A.
  - Linguistics- (English, Hindi, Chhattisgarhi, Sanskrit,
  - UG Diploma in Foreign Language
  - Social Science - (History, Geography, Economics, Sociology Political Science, Education, Rural Development)
  - PG Diploma in Geospatial Technology
- B.Lib. | M.Lib.
- M.S.W. (Social Work)
- B.J. | M.J.

### INFORMATION TECH.

- M.Sc. (IT) • M.Sc. (CS)
- P. G.D.C.A.
- B.C.A. • D.C.A.

### B.VOC

- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services and Insurance
- Construction • Production Technology
- AC & Refrigeration
- Multi Media & Animation
- Fashion Designing
- Interior Decoration
- Fire & Safety (Industrial & Construction)

### Research Programmes

Ph.D.

## OUR RECRUITING COMPANIES PARTNER

wipro, vedanta, BAJAJ FINSERV, ICICI Bank, SGS, Reliance, Paytm, Reliance Jio, vivo, CMC, Justdial, kotak, Apollo, Manappuram Finance Limited, Deloitte, INMOVIDU, Krishna Maruti Ltd., Binomial, ICICI Prudential, collegedunia, Fullerton India, BYJU'S, IndusInd Bank, investosure, ESAF Small Finance Bank, airtel, Birla Sun Life Insurance, BuildMate

## DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY – WHERE DREAMS BECOME ACHIEVEMENTS

Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

Skill Partners: AISECT LEARN — INHOUSE LMS DELIVERING NEW AGE COURSES. Certification Courses in: Digital Marketing, Cyber Security, Data Science, AI/ML

ADMISSION HELPLINE: 6261-900581/82

Kargi Road, Kota, Bilaspur (C.G.), Phone: +91-7753-253801

Email: info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

*सीपीएम के दिग्गज नेता सीताराम येचुरी का निधन हो गया है। येचुरी सर्वमान्य नेता थे, सभी दलों में उनके दोस्त थे। उन्हें वामपंथी दलों को गठबंधन की राजनीति में लाने का भी श्रेय दिया जाता है। यूपीए वन और यूपीए टू के दौर में उन्होंने ही वामपंथी दलों को सरकार का हिस्सा बनने के लिए राजी किया था। करीब 5 दशकों के अपने राजनीतिक करियर में वह वामपंथ की धुरी रहे। आइए जानते हैं उनके जीवन की वह घटना जिससे येचुरी की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर उभर कर सामने आ गई थी...*

## 5 दशकों तक वामपंथी राजनीति की धुरी रहे हैं सीताराम येचुरी



स्मृति-शेष

### येचुरी का पार्थिव शरीर को एम्स को किया गया दान

दिवंगत सीताराम येचुरी के पार्थिव शरीर को एम्स को दान किया गया है। परिवार ने शिक्षण और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए उनके शरीर एम्स को दान कर दिया।

# छात्रों का हुजूम लेकर पहुंच गए थे इंदिरा के घर, 'दिलवाया' इस्तीफा

अलविदा कामरेड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बात अक्टूबर 1977 की है। आपातकाल के बाद हुए लोकसभा चुनावों में इंदिरा गांधी की सरकार जा चुकी थी और मोरारजी देसाई के अगुवाई में देश में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बन चुकी थी। चुनावों में कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई थी, बावजूद इसके इंदिरा गांधी जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलाधिपति यानी चांसलर बनी हुई थीं। जेएनयू के छात्र इसका प्रबल विरोध कर रहे थे। येचुरी तब जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष थे और अर्थशास्त्र के विद्यार्थी थे। जेएनयू के छात्र



इंदिरा गांधी के आपातकाल लगाने के फैसले से भड़के हुए थे और उन्हें तानाशाह करार दे रहे थे। छात्रों को यह कतई पसंद नहीं था कि कोई तानाशाह उनका चांसलर रहे। जब इंदिरा प्रधानमंत्री नहीं रहीं, फिर भी जेएनयू की चांसलर बनी रहीं, तब येचुरी ने सैकड़ों छात्रों को लेकर इंदिरा के आवास तक पैदल मार्च किया था। छात्र इंदिरा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। जब काफी मशक्कत के बाद भी छात्र वहां से टस से मस नहीं हुए तो इंदिरा अपने आवास से बाहर आईं और छात्रों से बात करने लगीं। इसी दौरान येचुरी ने गांधी के इस्तीफे की मांग करते हुए एक ज्ञापन पढ़ा। इस दौरान इंदिरा उनके बगल में खड़ी रहीं और मुस्कुराती रहीं। इस घटना के बाद इंदिरा गांधी ने जेनएनयू की कुलाधिपति पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, इस घटना के बाद येचुरी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### नहीं करने दिया इंदिरा को जेएनयू में कार्यक्रम

येचुरी ने अपने ज्ञापन में लिखा था कि एक तानाशाह को यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति के पद पर नहीं रहना चाहिए और तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। इतना ही नहीं येचुरी ने इमरजेंसी के दौरान इंदिरा के जेएनयू में होने वाले कार्यक्रम का भी विरोध किया था। इंदिरा उस दौरान जेएनयू कैम्पस में एक कार्यक्रम करना चाहती थीं, लेकिन छात्रों के विरोध की वजह से उनका कार्यक्रम नहीं हो पाया था। इस घटना से सीताराम येचुरी की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर उभर कर सामने आ गई थी। वह 1977 से 78 तक जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे। इसके बाद वह मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी की छात्र इकाई स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव बनाए गए।

## खबर संक्षेप

### कुछ लोगों को राष्ट्रहित का ज्ञान नहीं : धनखड़



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका दौरे में इल्हान उमर जैसी विवादित सांसद और तख्तापलट के माहिर कहे जाने वाले डोनाल्ड लू से मुलाकात पर विवाद हो रहा है। इस बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है। संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय, घिनौना और असहनीय है।

### मंगेश को घर से उठाकर हत्या की गई : अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। सुल्तानपुर डकैती कांड में मंगेश यादव को घर से उठाकर मार दिया गया। मंगेश की हत्या की गई है। एनकाउंटर के समय जो पुलिसकर्मी था वो चप्पल में था। यूपी में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं।

## हरियाणा चुनाव : सिरसा सीट से प्रत्याशी होंगे कांडा

# नामांकन के आखिरी दिन एक और गठबंधन आईएनएलडी-बीएसपी के साथ हुए कांडा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले एक और गठबंधन देखने को मिला है। अब विधानसभा चुनाव से पहले आईएनएलडी-बसपा गठबंधन के साथ हलोपा ने भी हाथ मिला लिया है। अब तीनों पार्टी मिलकर हरियाणा में चुनाव लड़ेंगे। इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला हलोपा प्रमुख गोपाल कांडा से मिलकर गठबंधन पर मुहर लगाई है।

गोपाल कांडा सिरसा विधानसभा सीट से प्रत्याशी होंगे। वहीं बाकी सीटों पर गोपाल कांडा की पार्टी आईएनएलडी और बसपा के उम्मीदवारों की मदद करेंगे। अभय चौटाला और गोपाल कांडा की तारा बाबा कुटिया में मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात के बाद इस



गठबंधन की घोषणा की गई। बता दें कि गोपाल कांडा ने बिना किसी शर्त के बीजेपी और जेजेपी की गठबंधन सरकार को पूरे पांच साल तक समर्थन दिया था। लेकिन जब विधानसभा चुनाव की बारी आई तो गोपाल कांडा ने इबीजेपी से सिरसा और रानिया दो सीटें मांगी। लेकिन बीजेपी ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। दोनों के बीच सीटों को लेकर बात नहीं बन पाई तो गोपाल कांडा ने रानिया सीट से धवल कांडा को उम्मीदवार घोषित कर दिया और खुद सिरसा सीट से मैदान में उतर गए। बता दें कि रानियां से बीजेपी ने रणजीत चौटाला को भी टिकट नहीं दिया। रणजीत चौटाला अब इस सीट निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं।

### तीन दलों की दोस्ती

अब गोपाल कांडा ने बीएसपी और आईएनएलडी के साथ गठबंधन कर सबको चौंका दिया है। आईएनएलडी और बीएसपी का चुनाव से पहले गठबंधन हुआ है। अब इन दोनों को एक और साथी मिल गया है। इस गठबंधन में आईएनएलडी के 53 सीटों और बसपा 37 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात हुई थी। वहीं अभय चौटाला को मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश किया जा रहा है।

### सावित्री जिंदल हुईं बागी, भरा निर्दलीय पर्चा



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले, सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से बगावत करते हुए देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने निर्दलीय पर्चा भर दिया। 74 वर्षीय सावित्री जिंदल ने हरियाणा की हिसार विधानसभा सीट से पर्चा भरा है। दरअसल भाजपा ने अपने मौजूदा विधायक और मंत्री कमल गुप्ता को 5 अक्टूबर को होने वाले चुनावों के लिए हिसार से प्रत्याशी बनाया है। इसी बीच, देश की सबसे अमीर महिला और ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल ने गुरुवार को उसी निर्वाचन क्षेत्र से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। सावित्री जिंदल देश की जानी-मानी उद्योगपति हैं, और उनके बेटे नवीन जिंदल वर्तमान में कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद हैं।

### कैप्टन बैरागी, सुरजेवाला सहित कांग्रेस, भाजपा, आप के कई नेताओं ने भरा नामांकन

हरियाणा में नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, आप प्रत्याशी रेसलर कविता दलाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला और पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पोती एवं भाजपा उम्मीदवार श्रुति चौधरी समेत कई नेताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस उम्मीदवार चंद्रमोहन ने पंचकूला विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। राज्य की 90 विधानसभा सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितंबर को की जाएगी तथा 16 सितंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।

## कश्मीर में 18 सितंबर से शुरू हो रहे हैं विधानसभा चुनाव

# चुनाव से पहले 3 आतंकी ठिकाने मिले, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट बरामद

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा, कुलगाम और पुलवामा जिले में गुरुवार,12 सितंबर को आतंकियों के 3 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम, पुलवामा में सिर्फ ठिकाने का पता चला। कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर बनाया था। जड़ में 5 से 6 फीट जगह मिली। यहां से एके-47 के 100 से ज्यादा कारतूस, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट मिले। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर, कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में संयुक्त ऑपरेशन चलाया था। जम्मू-कश्मीर में तैनात एक विशेष इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से सेना को हथियारों को लेकर खुफिया इनपुट मिले थे।



### चुनावों को प्रभावित करने का षडयंत्र

जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के मतदान अब केवल 6 दिन बाकी हैं। ऐसे में आतंकी गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। सेना ने पिछले 4 दिन में 4 आतंकियों को मार गिराया है। इस बीच पाक रेंजर्स की तरफ से भी सीमा पार से गोलीबारी की घटना हुई है। सेना के मुताबिक, ये घटनाएं चुनाव को प्रभावित करने के लिए की जा रही हैं।

### 18 सितंबर को पहले चरण का मतदान

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 चरणों में मतदान होना है। 18 सितंबर को पहले चरण का चुनाव है। 25 सितंबर दूसरे और एक अक्टूबर को तीसरे चरण के लए वोट डाले जाएंगे। आठ अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनाव के साथ मतगणना होगी।

# मणिपुर में आग की लपटें, उपद्रवियों ने अब स्वास्थ्य केंद्र को फूंका

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की ताजा लपटों से शांति को अपने जद में ले लिया है। हिंसा और मौत की खबरों के बीच फिलहाल इलाके में तनाव है। सुरक्षा बलों की कई अतिरिक्त टुकड़ियों को इलाके में उतारा गया है। मणिपुर में 16 महीनों से शांति भंग है। पौन दो साल पहले शुरू हुआ कुकी मैती विवाद फिर से आक्रोश के अंगारों में बदल चुका है। गुरुवार को उपद्रवियों ने स्वास्थ्य केंद्र में आग लगा दी। मणिपुर के जिरीबाम जिला स्थित बोरोबेक्रा में उपद्रवियों ने बुधवार रात करीब 12.50 बजे एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगा दी। घटना पुलिस चौकी से महज 150 मीटर दूर हुई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के पीछे कुकी समुदाय के लोगों के शामिल होने की आशंका है। दूसरी तरफ, राजधानी इंफाल में कल पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। इंफाल ईस्ट और वेस्ट



में कर्फ्यू जारी है। मैतेई बहुल 5 जिलों में इंटरनेट बंद है। राज्यपाल एल. आचार्य असम चले गए। उनके पास मणिपुर गवर्नर का अतिरिक्त प्रभार है। राजधानी इंफाल में दो दिन पहले सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारी छात्रों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे थे।

### तीन राज्यों ने बुलाए अपने अफसर

पंजाब, हरियाणा और मप्र ने अपने आईपीएस लेवल के अधिकारियों को मणिपुर से वापस बुला लिया है। अब इनकी जगह नए अधिकारियों को भेजा गया है। एक साल पहले अलग-अलग राज्यों ने अपने अधिकारियों को मणिपुर भेजा था। यह सभी हिंसा की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी टीमों का नेतृत्व कर रहे थे।

### पीएम से हस्तक्षेप की मांग

नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स यूनियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर में जारी हिंसा को समाप्त करने के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की। एनईएसओ में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न छात्र संगठन शामिल हैं। एनईएसओ के अध्यक्ष सैमुअल जिर्वा ने कहा कि संघर्ष को सुलझाने में विफलता न सिर्फ मणिपुर की स्थिरता को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की व्यापक शांति और सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करती है।

# 10 थानों के टीआई अलर्ट, 2 अरेस्ट, 4 की तलाश जारी

## इंदौर में आर्मी अफसरों की महिला मित्र से गैंगरेप मामला

**भोपाल।** एमपी के इंदौर की महू इन्फैंट्री स्कूल के दो युवा सैन्य अफसरों से लूट और हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस केस में गैंगरेप की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। अफसरों की दो महिला मित्रों में से एक के साथ बदमाशों ने गैंगरेप की वारदात को भी अंजाम दिया था. बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए 10 थानों की टीमें लगी हुई हैं। इंदौर ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया, बुधवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि देर रात 4 लोग आर्मी फायरिंग रेंज में आए थे। वहां बदमाशों ने 2 लोगों की पिटाई की। बाकी 2 लोगों से 10 लाख रुपए लाने को कहा गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी महिला मित्र को एक कोने में ले जाया गया और फिर उसने उसकी चीखें सुनीं। शिकायतकर्ता को संदेह है कि उसके साथ कुछ अनहोनी हुई होगी। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उन्हें देखते ही आरोपी भाग निकले।

### पीड़िता के बयान दर्ज होना बाकी

पुलिस की 10 टीमों ने जांच की और पुलिस ने 6 नामजद आरोपियों की पहचान की। उनमें से 2 को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी 4 को पकड़ने के प्रयास जारी हैं, उन्हें जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा. पीड़िता का बयान दर्ज होना बाकी है। बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो आरोपी गिरफ्तार

पकड़े गए दो आरोपी 23 साल का पवन पिता श्रीलाल वसुनिया निवासी गोडकुआं और 27 साल का अनिल पिता मदन बारुड़ निवासी गोडकुआं हैं। पुलिस को दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी मिला है। इनसे पूछताछ के आधार पर पुलिस के 10 थानों की टीमें अब दूसरे आरोपियों को पकड़ने की तैयारी में लगी हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

## बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# 'गलती की सजा परिवार को नहीं दी जा सकती'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



गुजरात के एक मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुल्डोजर जस्टिस पर सवाल खड़े किए। जस्टिस हषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि किसी शख्स के किसी केस में महज आरोपी होने के चलते उसके घर पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता है। आरोपी का दोष बनता है या नहीं, यानी क्या उसने ये अपराध किया है, ये तय करना कोर्ट का काम है सरकार का नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के शासन वाले इस देश में किसी शख्स की गलती की सजा उसके परिजनों को ऐसी कार्रवाई करके या उसके घर को ढहाकर नहीं दी जा सकती। कोर्ट इस तरह की बुलडोजर कार्रवाई को नजरंदाज नहीं कर सकता। ऐसी कार्रवाई को होने देना कानून के शासन पर ही बुलडोजर चलाने जैसा होगा. अपराध में कथित संलिप्तता किसी संपत्ति को ध्वस्त करने का आधार नहीं है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश गुजरात के जावेद अली नाम के याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

## भारत-चीन के रिश्तों पर 75 प्रतिशत तक सुलझी समस्याएं : जयशंकर

**हरिभूमि न्यूज.जिनेवा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद पर कहा कि चीन के साथ समस्याओं में से लगभग 75 प्रतिशत का समाधान हो गया है, लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर सैन्यीकरण का बढ़ना है। स्विट्जरलैंड की राजधानी जेनेवा शहर में एक थिंक-टैंक में एक संवादात्मक सत्र में, जयशंकर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों ने भारत-चीन संबंधों को प्रभावित किया है, उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पर हिंसा होने के बाद यह नहीं कहा जा सकता कि बाकी संबंध इससे अछूते हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 13 सितंबर 2024


## 6 लाख करोड़ की कमाई से निवेशक मालामाल

**मुंबई।** आखिरी घंटे में हुई भारी खरीदारी से शेयर बाजार नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। सेंसेक्स ने जहां पहली बार 83,000 अंक को पार किया। वहीं निफ्टी भी 470 अंक उछलकर 25,400 पर पहुंच गया। इसके चलते निवेशकों की संपत्ति एक दिन में करीब 6 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई।








तेज आवाज बन रही घातक बीमारियों का कारण, प्रदेश का पहला मामला, चिकित्सक भी हैरान

## कानफोड़ू डीजे बना रहा बहरा, भयानक शोर से युवक बेहोश, ब्रेन हेमरेज

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

ध्वनि प्रदूषण ना सिर्फ लोगों के बहरेपन का कारण बन रहा है बल्कि अब इसके घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। सरगुजा में कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है जिसने चिकित्सकों को भी हैरत में डाल दिया है। बड़ी बात यह है कि युवक को ना ही कभी बीपी की ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कामर्शियल वाहन में डीजे बजाया तो परमिट रद्द

राज्य शासन ने केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा बिलासपुर हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कामर्शियल वाहनों में डीजे बजाने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर तथा ▶▶| शेष पेज 2 पर






### एसपी से की गई मुलाकात

ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट द्वारा भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं लेकिन कोर्ट और शासन के निर्देशों के बाद भी शहर सहित जिलेभर में ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोई कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। ऐसे में गुरुवार को राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. गुप्ता ने ऑडियोलॉजिस्ट के ▶▶| शेष पेज 2 पर

### डीजे से बढ़ रही बीमारी

मरीज की जांच और उससे बात करने पर प्रथम दृष्टया यही समझ में आया है कि डीजे की तेज ध्वनि के कारण उसे ब्रेन हेमरेज हुआ है। डीजे या कोई भी साउंड अत्यधिक तेज आवाज में बजाया जाता है उसका बुरा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। इससे पहले भी डीजे की तेज आवाज से बहरेपन व अन्य बीमारियों के मरीज सामने आते हैं।

डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### माकपा नेता सीताराम येचुरी का निधन



**नई दिल्ली।** माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी का बृहस्पतिवार को यहां एम्स में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। येचुरी 72 वर्ष के थे। उनके पार्थिव शरीर को एम्स में दान किया गया। उनकी हालत पिछले कुछ दिन से गंभीर बनी हुई थी। उन्हें कृत्रिम श्वसन प्रणाली पर रखा गया था।

### राजद अध्यक्ष लालू की एंजियोप्लास्टी



**मुंबई।** राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की एक अस्पताल में एंजियोप्लास्टी की गई। यादव को 10 सितंबर को यहां एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री यादव (76) को एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है।

# सीएम की दो टूक- भाषा पर अधिकारियों ने संयम खोया तो कार्रवाई करें, नहीं तो मैं लूंगा कड़ा एक्शन

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले कुछ दिनों में आम जनता और स्कूली छात्रों से अधिकारियों के दुर्व्यवहार की घटनाओं पर सख्त नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कलेक्टर एसपी कॉन्फ्रेस में दो टूक कहा, यदि आप अधिकारियों को नहीं सुधार सकते, तो फिर मैं कार्रवाई करूंगा। सीएम साय ने अधिकारियों को स्थानीय स्तर की समस्याएं तुरंत और मौके पर निपटाने के निर्देश दिए, ताकि छोटी छोटी समस्याओं को लेकर लोगों को राजधानी न आना पड़े। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को लेकर तीन जिलों के कलेक्टरों पर नाराजगी भी जताई।*

### इसलिए हुए नाराज

- *मुख्यमंत्री सारंगढ़, बस्तर और खैरागढ़ के कलेक्टरों पर इसलिए नाराज हुए क्योंकि वहां राजस्व के पेंडिंग मामले ज्यादा थे। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं चलेगा, इनका निराकरण तेजी से करें।*
- *जर्जर स्कूलों पर सीएम ने सख्ती दिखाई। पिछली सरकार में स्कूल जतन योजना में बड़ी राशि खर्च की गई, लेकिन काम नहीं हुआ। इसकी जांच भी चल रही है। यहां यह बताना लाजिमी है कि हरिभूमि ने जर्जर स्कूलों की एक श्रृंखला भी प्रकाशित की थी। सीएम ने बैठक में साफ कहा, पैसे का दुरूपयोग करने वालो को नहीं छोड़ेंगे।*
- *छात्राओं को साइकिल वितरण के मामले में भी सीएम सख्त नजर आए। उन्होंने सुकमा और बलरामपुर के कलेक्टर से पूछा कि साइकिल वितरण क्यों नहीं हुआ? उन्होंने कोताही न करने कहा।*





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में दो दिवसीय कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव, विभागीय सचिवों सहित सभी संभागायुक्त और कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे। प्रशासनिक कार्य के कामकाज की समीक्षा और राज्य में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलों के कलेक्टर्स को विकास योजनाओं पर निगरानी रखने के दिशा निर्देश जारी किए। पूरे दिन होने वाली समीक्षा में मुख्यमंत्री ने एक-एक जिले और कमिश्नरी से फीडबैक ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कलेक्टर्स को सीएम साय की दो टूक

कलेक्टर, पुलिस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने बीते कुछ दिनों में आम जनता और स्कूली छात्रों से दुर्व्यवहार के मामलों में गंभीरता दिखाई और उन्होंने अधिकारियों को अपनी भाषा पर संयम रखने के साफ निर्देश दिए। उन्होंने कहा, जिस तरीके से आम जनता और छात्रों के बीच भाषा का संयम होना चाहिए, उस पर ध्यान ▶▶| शेष पेज 2 पर

### शहरी आवास में बेहतर काम

मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन के विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, जनसमस्या निवारण पखवाड़े में प्राप्त आवेदनों के शत प्रतिशत निराकरण करें। शहरों में पीएम आवास में हुए बेहतर काम के लिए कलेक्टरों की सराहना करते हुए कहा, गरीब परिवारों को आवास दिलाना हमारा अहम लक्ष्य है। नगरीय निकायों के लिए केंद्रित स्वच्छता और पेयजल से जुड़ी योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन अमृत मिशन 2.0 योजना समय पर पूरा करें।

### आज एसपी कांफ्रेंस करेंगे सीएम, कहा- अच्छे काम पर पुरस्कार, गलत पर दंड

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को एसपी कांफ्रेंस करेंगे। इस दौरान राज्य पुलिस के कामकाज, अपराध नियंत्रण, नक्सली उन्मूलन जैसे विषयों पर पुलिस के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। इससे पहले गुरुवार को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मैराथन कलेक्टर कांफ्रेंस की। कलेक्टर कान्फ्रेंस खत्म होने के बाद श्री साय ने कहा कि विभागवार बहुत अच्छे से समीक्षा हुई है। सभी कलेक्टरों ने योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी है। कलेक्टरों ने योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। फिर भी हम संतुष्ट नहीं हैं, हमें और भी आगे बढ़ना है। श्री साय ने राज्य के सभी कलेक्टरों से आग्रह किया है, जरूरतमंद तक योजनाओं को पहुंचाना है। एक भी व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।*

#### पुलिस की कामकाज की आज समीक्षा

*मुख्यमंत्री श्री साय शुक्रवार को राज्य के सभी एसपी के साथ कांफ्रेंस करेंगे। इस दौरान राज्य में पुलिस के कामकाज, अपराध नियंत्रण, नक्सल उन्मूलन जैसे विषयों पर समीक्षा की जाएगी। इस समीक्षा से पहले ही मुख्यमंत्री ने साफ किया है कि अच्छा काम करने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। जो गलत काम करेंगे, उनको दंडित भी किया जाएगा।*

## दीपावली, दशहरा शीतकालीन छुट्टियां 6-6 दिनों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- ग्रीष्मकालीन अवकाश 64 दिनों का

प्रदेश के स्कूली छात्रों को इस बार दशहरा, दिवाली और शीतकालीन अवकाश 6-6 दिनों का मिलेगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद स्कूलों में इसकी घोषणा कर दी जाएगी। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए भी तिथि निर्धारित कर दी गई है। गर्मी की छुट्टियां प्रतिवर्ष की भांति 1 मई से 15 जून तक रहेंगी। नई सरकार आने के बाद पहली बार स्कूलों में त्योहारों की छुट्टियों का शेड्यूल तैयार किया गया है। इसमें अधिक बदलाव नहीं किए गए हैं। बीते सत्रों में भी इसके आस-पास ही छुट्टियां मिलती रही हैं।

ये छुट्टियां शासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों के साथ ही निजी स्कूलों के छात्रों को भी प्रदान की जाएंगी। नियमों का ▶▶| शेष पेज 2 पर

### ऐसा है शेड्यूल

- प्रस्ताव के मुताबिक दशहरा में 7 से 12 अक्टूबर तक 6 दिन की छुट्टी रहेगी।
- दीपावली पर 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 6 दिन की छुट्टी दिए जाने की तैयारी है।
- शीतकालीन अवकाश 23 से 28 दिसंबर तक 6 दिनों का रहेगा।
- ग्रीष्माकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक 46 दिनों का मिलेगा।

बलौदाबाजार की घटना, कुल्हाड़ी से काट डाला, दूधमुंहे बच्चे की भी ली जान

## जादू-टोने के शक में मासूम समेत चार को मार डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- मामला ग्राम छरछेद का, जांच में पहुंची एफएसएल की टीम

बलौदाबाजार जिले में गुरुवार को एक ही परिवार के 4 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई है। आरोपियों ने मासूम बच्चे तक को भी नहीं छोड़ा। मामले में पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार जादू-टोने के शक में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। मामला कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम छरछेद का है। वारदात शाम 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। आसपास ▶▶| शेष पेज 2 पर

### एक ही परिवार के तीन ने मिलकर की हत्या

बलौदाबाजार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि पकड़े गए 3 आरोपी भी एक ही परिवार के हैं। आरोपियों के साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। स्थिति को काबू करने के लिए गांव में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में रामनाथ पिता सुखी पाटले, दीपक पिता रामनाथ पाटले और दिल पिता रामनाथ पाटले शामिल हैं।

### कुल्हाड़ी से दिया वारदात को अंजाम

ग्राम छरछेद में गुरुवार शाम को 4 लोगों का मर्डर करने का मामला सामने आया। कुल्हाड़ी से वार करने जैसा प्रतीत हो रहा है। 3 संदेहियों को गिरफ्तार किया गया है। एफएसएल की टीम आ रही है। मौका का मुआयना करेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-विजय अग्रवाल, एसपी बलौदाबाजार




## चिंतन

# सहयोग व बंधुत्व से ही विश्व में शांति संभव

जब दुनिया विकट हालात से गुजर रही है, उसमें भारत का संदेश देना कि विश्व में एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलने की आवश्यकता है, एकदम मौजूं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सहयोगी देशों से अपनी भागीदारी और सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया। 'आज के समय में जब दुनिया में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है...कई स्थानों पर तो अलग-अलग देशों के बीच लगातार युद्ध चल रहे हैं...इन विकट परिस्थितियों में भारत का लक्ष्य यही है कि हम युद्ध का रास्ता छोड़कर शांति के मार्ग पर चलें। विश्व कल्याण के लिए मानवता, शांति, बंधुत्व व विकास जैसे मूल्यों को आगे बढ़ाना वक्त की जरूरत है। भारत का विश्व को शांति व अहिंसा का सबसे बड़ा संदेश है। भारत ने इसे करके दिखाया है, और आज भी अपने इन मूल्यों पर कायम है। दुनिया, गरीबी, बीमारी, सामाजिक व आर्थिक असमानता, हिंसा, संघर्ष व युद्ध से जूझ रही है। करीब तीन अरब लोग बेहाल व बदहाल जिंदगी जी रहे हैं, ऐसे में अगर विश्व में कुछेक देश अपने वर्चस्व के लिए डर, उन्माद, हिंसा व युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं, तो निश्चित ही विश्व का कल्याण नहीं हो सकता है। रूस और यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है, इसके अंत की उम्मीद नजदीक में नहीं दिख रही है। इजराइल अपने अस्तित्व व प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए आतंकी गुट हमास से जंग लड़ रहा है। चीन अपनी विस्तारवाद व बादशाहत की सनक में अधिकांश पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद को जन्म दे रहा है, ताइवान को डरा रहा है। अमेरिका की शांति नीति अफगानिस्तान में फेल हुई, आज अफगानिस्तान पर आतंकी गुट तालिबान का शासन है, यह सब अमेरिका की परस्ती में हुआ। सूडान, पूर्वी तिमोर गृहयुद्ध में तबाह हो रहे हैं। अफ्रीका के अनेक देश भीषण गरीबी व भुखमरी से जूझ रहे हैं। अमेरिका व यूरोप के आर्थिक हालात भी पहले की तरह उम्मीद नहीं दिखा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर से गुजर रही दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है। विश्व में कहीं अत्यधिक ठंड तो कहीं अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। इससे भी मानव जीवन संकट का सामना कर रहा है। मानवता का लक्ष्य विनाश तो कतई नहीं है। विश्व ने सभ्यता के विकास के साथ अंधाधुंध युद्ध झेला है, वर्चस्व के लिए अनगिनत हिंसा देखी है, अनेकानेक शोषण को देखा है। आज विश्व की स्थिति ऐसी है कि मानव जीवन कहीं से भी सुरक्षित नहीं लग रहा है, विश्व के सशक्त व मजबूत देश भी दुनिया में नई उम्मीद नहीं जगा रहे हैं। अमेरिका का प्रभुत्व कमजोर हो रहा है। चीन भरोसे के संकट से गुजर रहा है। रूस ने युद्ध का मार्ग अपना कर शांति के लिए विश्वास का अवसर ही नहीं छोड़ा है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर शांति, खुशहाली, सहयोग और विकास की पैरवी केवल भारत कर रहा है। केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद विश्व में भारत की छवि भी बदली है। अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं रहा है, अब भारत सहयोग लेने वाला नहीं देने वाला बन गया है। कई क्षेत्रों में देश आत्मनिर्भर हुआ है, ताकतवर हुआ है, निर्यातक बना है। आज भारत शांति की वकालत कर रहा तो इसी में वैश्विक कल्याण भी है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ किया है। राजनाथ की टिप्पणी रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को आगे बढ़ाने में भारत की संभावित भूमिका के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है। पीएम मोदी पहले ही कह चुके हैं कि यह युद्ध का समय नहीं है। रूस व यूक्रेन जंग का अंत वैश्विक हित में है, लेकिन अमेरिका व यूरोप को अपनी रणनीति बदलनी होगी।

## मुद्दा

विवेक शुक्ला



# 'बाहरी' उम्मीदवारों को प्रेरित करते रहेंगे अल्बर्टो फुजीमोरी

भारत के हरेक चुनाव में कुछ उम्मीदवारों पर 'बाहरी' होने का आरोप लगता है। इन बाहरी उम्मीदवारों को हर दौर में पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी प्रेरित करते रहेंगे। फुजीमोरी का बुधवार को पेरू की राजधानी लीमा में निधन हो गया। उनसे बड़ा शायद ही कभी कोई बाहरी उम्मीदवार दुनिया ने चुनाव लड़ते देखा। अब असली बात पर आते हैं। फुजीमोरी मूल रूप से जापानी माता-पिता की संतान थे। वे जब करीब पांच साल के थे, तब उनके माता-पिता दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में नौकरी के लिए शिफ्ट कर गए और फिर वहीं बस गए। जाहिर है कि फुजीमोरी का बाकी का जीवन पेरू में ही गुजरा। वे बड़े हुए तो पेरू की सियासत में कूद पड़े। यह नहीं, फुजीमोरी 1990 से 2000 तक पेरू के राष्ट्रपति रहे। उस देश में जहां जापानी मूल के एक हजार लोग भी नहीं थे। पर मजाल है कि कभी फुजीमोरी को किसी ने बाहरी बताया हो। राष्ट्रपति रहते हुए उन्हें भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्हें जेल भी हुई। पर उन पर बाहरी होने की तोहमत किसी ने नहीं लगाई।

अब भारत की बात कर लें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसल किया तो उन्हें बाहरी बताया गया। उसी चुनाव में अरुण जेटली ने अमृतसर से चुनाव लड़ा तो उन्हें भी बाहरी कहा गया। ये तो दो उदाहरण हैं। न जाने हमारे यहां नगर निगम से लेकर विधान सभा और लोकसभा चुनावों में कितने उम्मीदवारों को बाहरी कहा



जाता रहा है। आप अपने ही देश में बाहरी हो जाते हैं। इन्हें सुनना पड़ता है कि चूंकि ये स्थानीय नहीं हैं, इसलिए जनता के मसलों को हल नहीं कर सकेंगे। अजीब स्थिति है कि हम तो अपने देशवासियों को बाहरी कहने का मौका नहीं छोड़ रहे और भारतवंशी करीब दो दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री से राष्ट्रपति बन गए। साल 1961 में प्रोगेसिव लेबर पार्टी के उम्मीदवार छेदी जगन कैरिबियाई टापू देश ग्याना के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। एक तरह से छेदी जगन ने श्रीगणेश किया था भारतवंशियों के सात समंदर पार जाकर शिखर को छूने का। उनके बाद भारत के बाहर लघु भारत कहलाए जाने वाले मारीशस में शिव सागर रामगुलाम, अनिरुद्ध जुगनाथ से लेकर फीजी में महेन्द्र चौधरी और त्रिनिदाद और टोबेगो में बासुदेव पांडे वगैरह अनेक राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनते रहे। इन देशों में भारतवंशियों का राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनना इस लिहाज से समझ आता है क्योंकि इनमें भारतवंशियों की आबादी 50 फीसद से भी ज्यादा है। पर भारतवंशी एस. रंगानाथन सिंगापुर जैसे देश के भी राष्ट्रपति बने। सिंगापुर में चीनी लगभग 76 फीसद हैं। फिर मलेय भी मजे में हैं। जिधर भारतीय 10-12 फीसद हैं, उधर भी ये राष्ट्रपति बन रहे हैं।

क्या इसे मामूली उपलब्धि माना जाए? कतई नहीं। भारत में कब कोई विदेशी मूल का शख्स राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनता है, इसकी फिलहाल कोई संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती। कुछ साल पहले सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने की संभावना पैदा हुई थी। पर,तब जमकर हंगामा बरपा था। तो साफ है कि हम हिन्दुस्तानी कम से कम इस लिहाज से बहुत छोटे दिल के हैं। हम जाति, समाज,भाषा,मजहब के बंधनों को तोड़कर अपने लिए बेहतर उम्मीदवारों को चुनने के लिए तैयार नहीं हैं। फुजीमोरी के पुत्र केन्जी फुजीमोरी भी पेरू के सांसद रहे। फुजीमोरी वर्ष 2000 में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद फुजीमोरी अपने माता-पिता के देश जापान चले गए थे, लेकिन अपने देश में खुद पर लगाए गए आरोपों का सामना करने के लिए उन्हें वर्ष 2007 में पेरू प्रत्यर्पित कर दिया गया था। आजकल अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव की कैंपेन पर सारे संसार की निगाहें हैं। भारत की तो खासतौर पर हैं, क्योंकि कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव जीतने की संभावनाएं जाहिर की जा रही हैं। कमला हैरिस की मां डॉ. श्यामला गोपालन तमिलनाडू से थीं। कमला हैरिस का जन्म अमेरिका में ही हुआ। वे वर्तमान में देश की उपराष्ट्रपति हैं। बताइये, कभी किसी ने उन्हें बाहरी कहा। भारतवंशी सारी दुनिया में राजनीति करते हैं। इन्हें कहीं कोई बाहरी नहीं कहता। अब आप खुद तय कर लें कि हमारे यहां बाहरी उम्मीदवार को लेकर बहस का होना कितना शर्मनाक है। ये छोटी सोच बंद होनी चाहिए। अगर किसी ने पेरू में अल्बर्टो फुजीमोरी को बाहरी नहीं कहा तो हम अपने ही देश के किसी चुनाव मैदान में उतरने वाले शख्स को कैसे बाहरी कह सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## बयानबाजी

अरविंद जयतिलक

# राहुल के 'कृत्य' से बिगड़ रही देश की छवि

> बेशक राहुल गांधी को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे, लेकिन यह कार्य अपने देश में होना चाहिए। विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतनी ही विपक्ष की भी। लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। चंद रोज पहले उन्होंने अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भारत की तुलना चीन से करते हुए भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कमाल के नेता हैं। वे तनिक भी विचलित व चिंतित नहीं होते हैं कि तर्कहीन और मनगढ़ंत भाषणबाजी के फेर में कहीं खुद ही लपेटे में आ गए तो क्या होगा। वे सरकार की आलोचना के फेर में देश की साख और मर्यादा का ख्याल किए बिना ही लगातार जो मुंह में आ रहा है, उगल रहे हैं। इससे न केवल देश की छवि धूमिल हो रही है बल्कि उन्हें खुद आलोचना का पात्र बनना पड़ रहा है। बेशक राहुल गांधी को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे। लेकिन यह कार्य अपने देश में होना चाहिए। विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतनी ही विपक्ष की भी। लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। चंद रोज पहले एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसा ही कृत्य किया है। उन्होंने अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भारत की तुलना चीन से करते हुए भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की। साथ ही आरएसएस पर भी हमला बोलने से नहीं चूके।

हद तो तब हो गई, जब उन्होंने कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी अथवा कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। राहुल गांधी से पूछा जाना चाहिए कि क्या सिख समुदाय भारत में पगड़ी और कड़ा धारण नहीं करता है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत में इस बार आम चुनाव लड़ने के लिए सबको समान अवसर उपलब्ध नहीं थे। अब सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के अनाप-शनाप संबोधन को लेकर सवाल दागना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को जवाब देते नहीं बन रहा है। गौर करें कि इससे पहले भी राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत की साख से खेलने की कोशिश की है। गत वर्ष उन्होंने जर्मनी के हैम्बर्ग में बुसेरियस समर स्कूल में छात्रों और प्रवासियों को संबोधित करते हुए देश में उन्माद की हिंसा यानी मॉब लिंचिंग की बढ़ती घटनाओं को बेरोजगारी से जोड़ दिया था। दूसरी ओर लंदन में आरएसएस की तुलना आतंकी संगठन ब्रदरहुड से की थी। उनके इस दुर्लभ प्रवचन से न केवल भारज-जर्मनी बल्कि दुनिया भर के समाजशास्त्री और अर्थशास्त्री हतप्रभ रह गए थे।

इस बार भी विदेशी धरती पर राहुल गांधी के अनावश्यक संबोधन से देश सन्न है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर राहुल गांधी को क्या हो गया है जो कि मोदी विरोध के नाम पर कभी आरएसएस को बदनाम कर रहे हैं तो कभी देश की आबरु से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर राहुल गांधी के इस संबोधन से भारतीय जनता पार्टी उद्वेलित और आक्रामक होती है तो यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं है। ऐसा इसलिए कि जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लगा रहे हैं, वहीं राहुल गांधी गलत कुतर्कों के जरिए दुनिया भर में भारत की छवि खराब करने पर उतारु हैं। गत वर्ष पहले ही उन्होंने कैलिफोर्निया के



बर्कले विश्वविद्यालय में भारत में लोकतंत्र की सच्ची पैरोकारी के बजाए वंशवाद की वकालत की। बहुत पहले उन्होंने अमेरिकी राजदूत से कहा कि देश को इस्लामिक आतंकवाद से ज्यादा खतरा हिंदू कट्टरवाद से है। उस समय भी राहुल गांधी की खूब फजीहत हुई थी और कांग्रेस को बचाव में उतरना पड़ा था।

चुनाव के दौरान चुरु की एक रैली में उन्होंने कहा था कि सांप्रदायिक तत्वों ने उनकी दादी को मारा, उनके पिता को मारा और अब शायद उन्हें भी मार सकते हैं। जबकि वे अच्छी तरह सुपरिचित हैं कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या सांप्रदायिक तत्वों ने नहीं बल्कि आतंकियों ने की थी। याद होगा 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी का घोषणापत्र ही फाड़ दिया। तब भी उनकी खूब किरकिरी हुई थी। यही नहीं, उन्होंने 2014 में एक चुनावी जनसभा में गांधी जी की हत्या के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ही जिम्मेदार ठहरा दिया था। लेकिन जब इससे नाराज संघ के एक कार्यकर्ता ने उन्हें अदालत में घसीट लिया तो उनकी असहजता बढ़ गई। तब उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि वह या तो माफी मांगें या मानहानि के मुकदमे का सामना करने के लिए तैयार रहें। राहुल गांधी के गैर जिम्मेदाराना रवैए से साफ है कि उनमें सूझबूझ की कमी है और वे बार-बार गलत बयानबाजी के जरिए अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता पर मुहर लगा रहे हैं। राहुल की इसी नासमझी का नतीजा है कि देश उन्हें एक गंभीर राजनेता मानने को तैयार नहीं है। यह सही है कि राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने से कांग्रेस और उसके नेताओं तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। लेकिन जिस तरह उनकी बयानबाजी को लेकर कांग्रेस पार्टी को बचाव में उतरना पड़ रहा है, उससे साफ है कि राहुल गांधी में गंभीरता की कमी है।

मजेदार बात कि वे अपनी कमियां ढूंढ़ने के बजाए मोदी सरकार पर आरोपों की बौछार कर रहे हैं। सच तो यह है कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता पच नहीं रही है और वह अवसादग्रस्त हो गई है। उसी अवसाद का नतीजा है कि कांग्रेस कभी अपने नेता राहुल गांधी को मंदिर का दर्शन कराती है तो कभी सनातन पर प्रहार कराती है। उनके इशारे पर उनके सिपहसालार देश को हिंदू पाकिस्तान तो कभी हिंदू तालिबान बताते सुने जाते हैं। अब असल सवाल यह है कि क्या इस तरह के आचरण से राहुल गांधी देश का दिल जीतने में सफल रहेंगे? क्या वे विदेशी धरती पर खड़े होकर देश के खिलाफ आग उगलकर सत्ता सिंहासन तक पहुंच जाएंगे? यह संभव ही नहीं है। देश उनके और उनकी पार्टी के इस रवैए से आहत है। राहुल गांधी को समझना होगा कि अगर वे भोथरे दलीलों के जरिए देश को गुमराह कर प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश में हैं तो इसका सर्वाधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को ही उठाना होगा। उन्हें समझना होगा कि वे कांग्रेस के अग्रणी नेता ही नहीं बल्कि अब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। अगर वह गली छाप नेताओं की तरह राजनीतिक आचरण की नुमाइश करेंगे तो फिर देश की कमान संभालने का दावा कैसे कर सकते हैं? वैसे भी जब से वे नेता प्रतिपक्ष बने हैं देश को लगातार निराश कर रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि देश ने राहुल गांधी को बेहतर कार्य करने का मौका नहीं दिया। वे चाहते तो नोटबंदी, जीएसटी और धारा 370 के सवाल पर सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते थे। लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। अब कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का एकसूत्रीय कार्यक्रम सरकार का विरोध करना और दुनिया भर में भारत की साख से खिलवाड़ करना रह गया है। यह देश के साथ छल है और देश इसे सहन नहीं करेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# चित्त की शुद्धता ही धर्म का सार



संकलित

## दर्शन

उपाध्याय गुप्त सार मुनि के अनुसार धर्म के सार को समझे बिना धर्म का ठीक से पालन नहीं किया जा सकता है। सार को समझेंगे तभी उसे ग्रहण कर पाएंगे अन्यथा अंदर के सार तत्त्व को छोड़कर छिलकों में ही उलझे रह जाएंगे। सार में सदा समानता रहती है। अनेक रूप-रूपाय भिन्न-भिन्न बाह्याडंबर, आकार-प्रकार, बनावट-सजावट, खान-पान जो भिन्न-भिन्न संप्रदायों के प्रतीक मात्र थे, वे आज भिन्न-भिन्न धर्म बनकर पारस्परिक विरोध का कारण बन गए हैं। सारा मानव समाज इन बाह्याचार और बाह्याडंबर रूपी स्थूल छिलकों में बुरी तरह उलझ गया है। हमें जब तक धर्म की वास्तविक 'मणि' प्राप्त नहीं होती, तब तक हम कंगाल हैं। हमारा जीवन निस्सार दिखावों, निरर्थक कर्मकांडों और निकम्मे बुद्धि-किलोलो में भरा रहता है। धर्म का सार तो चित्त की शुद्धता में है, राग-द्वेष-मोह के बंधनों से मुक्त होने में है। विषम स्थितियों में भी चित्त की समता बनाए रखने में है। मैत्री, करुणा, मुदिता में है। साथ-साथ जो यह भी समझते हो कि ये गुण हममें नहीं है तो देर-सवेर वे भी धर्म के सार को प्राप्त कर ही लेते हैं। लेकिन जब हम बाह्याडंबर के निस्सार छिलकों को ही धर्म मानने लगते हैं, तब शुद्ध धर्म प्राप्त कर सकने की सारी संभावनाओं को खो देते हैं। हम यह जांच कभी करते ही नहीं हैं कि जिसे हम धर्म माने जा रहे हैं, उसकी वजह से हमारे मन-मानस में क्या सुधार हो रहा है? अथवा हमारे जीवन-व्यवहार में कुछ सुधार हो रहा है? अत धर्म की शुद्धता को जानना, समझना, जांचना, परखना पहला आवश्यक चरण है। शुद्ध धर्म सदा स्पष्ट और सुबोधक होता है। उसमें रहस्यमयी गुत्थियां नहीं होती। शुद्ध धर्म में कपोल कल्पनाएं नहीं होती। जो कुछ होता है, यथार्थ ही होता है। धर्म कोरे सिद्धांत निरूपण के लिए नहीं प्रत्युत स्वयं का साक्षात्कार करने के लिए होता है।

# दृष्टिकोण में बदलाव से जीवन में सकारात्मकता




संकलित

## प्रेरणा

एक यूनानी दार्शनिक का शिष्य था, जिसे उसके गुरु ने तीन साल तक हर उस व्यक्ति को पैसे देने के लिए कहा, जो उसका अपमान करता था। जब परीक्षण की अवधि समाप्त हो गई तो गुरु ने उससे कहा, 'अब तुम एथेंस जाकर ज्ञान प्राप्त कर सकते हो।' जब शिष्य ने एथेंस में प्रवेश किया तो उसे द्वार पर एक ज्ञानी पुरुष बैठा मिला, जो हर आते-जाते व्यक्ति को अपमानित करता था। उसने शिष्य को भी अपमानित किया तो वह शिष्य जोर से हंसा। ज्ञानी पुरुष ने उससे पूछा, मैं तुम्हारा अपमान कर रहा हूं तो तुम हंस क्यों रहे हो?' शिष्य ने उत्तर दिया, 'क्योंकि मैं इस तरह की बात के लिए लोगों को पैसे देता रहा हूं और तुम यह मुझे मुफ्त में दे रहे हो।' 'नगर के भीतर प्रवेश करो', ज्ञानी पुरुष ने कहा, 'यह नगर तुम्हारा है।' नजरिये में बदलाव लाने की क्षमता एक अत्यंत ताकतवर और प्रभावशाली उपकरण है, जो हमें जीवन में रोजमर्रा की परेशानियों से निपटने में मदद करता है। चीजों को अलग नजरिये से देखने की क्षमता बहुत लाभकारी होती है। इसके अभ्यास से व्यक्ति कुछ अनुभवों, कुछ त्रासदियों की मदद से दिमाग को शांत कर सकता है। मनुष्य को समझना चाहिए कि हर बात और हर घटना के विभिन्न पहलू होते हैं। हर चीज सापेक्ष होती है। उदाहरण के लिए, मेरे मामले में, मैंने अपना देश खो दिया। उस दृष्टिकोण से यह बहुत दुख की बात है और इससे भी ज्यादा दुख की कई बातें हुई हैं। परंतु अगर मैं इसी बात को अलग नजरिये से देखूं तो मुझे लगता है कि एक शरणार्थी होने के दृष्टिकोण से किसी तरह की औपचारिकता, जश्न या नवाचार की जरूरत नहीं है। यदि स्थिति यथावत होती, अगर सब कुछ ठीक-ठाक होता तो बहुत-से अवसरों पर आप सिर्फ चलते रहते हैं; आप दिखावा करते हैं। परंतु जब आपके सामने निराशाजनक परिस्थितियां आती हैं तो दिखावा करने का समय नहीं मिलता।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### देश का विकास उद्योग जगत पर निर्भर

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की आर्थिक व्यवस्था की मजबूती के लिए देश में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना जरूरी माना था। देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए जब जवाहरलाल नेहरू के समक्ष तीन प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें मुख्यत: पहला गांधीवादी विचारधारा का, दूसरा एमएन राय का, और तीसरा देश के मुख्य पूंजीपतियों की विचारधारा का था, तो जवाहरलाल नेहरू ने देश के उस समय के सबसे बड़े उद्योगपतियों टाटा–बिड़ला के प्लान को ही स्वीकार किया था। देश के विकास में उद्योग जगत की भूमिका हमेशा रही है। नेहरू यह मानते थे कि उद्योगों को बढ़ावा देने से ही देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो सकती है। इसलिए आज भी जरूरत है कि उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए।

*– मनोज कुमार देशलहरे*

## करंट अफेयर

# बहराइच वन्यजीव हमला, भेड़ियों के संरक्षण पर दिया जोर

बहराइच में भेड़ियों के हमलों की बढ़ती संख्या और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जरूरत पड़ने पर उन्हें गोली मारने के आदेश के बीच विशेषज्ञों ने विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी इस प्रजाति के संरक्षण पर जोर दिया है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि भेड़िये शर्मीले प्रवृति के होते हैं और झुंड में रहते हैं जो अपने सदस्यों के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं। बहराइच की महसी तहसील में मार्च से अब तक भेड़ियों के कथित हमलों में नौ बच्चों सहित 10 लोग मारे जा चुके हैं तथा क्षेत्र में मानव–वन्यजीव संघर्ष में लगभग तीन दर्जन लोग घायल हुए हैं। सरकार ने इसे वन्यजीव आपदा घोषित किया है। इन 10 मौतों में से आठ लोगों की मौतें पिछले दो महीनों में हुई हैं, जबकि 50 गांवों के निवासी भय के साए में जी रहे हैं। राज्य सरकार ने 17 जुलाई से भेड़ियों को पकड़ने के लिए 'ऑपरेशन भेड़िया' शुरू किया है। भेड़ियों के कथित हमलावर झुंड में से पांच को पहले ही बचा लिया गया है जबकि झुंड के छठे भेड़िये को खोजने के प्रयास चल रहे हैं, जिसकी तस्वीरें पिछले महीने ड्रोन कैमरे के जरिए देखी गई थीं। बहराइच में 'ऑपरेशन भेड़िया' का नेतृत्व कर रहे भारतीय वन सेवा अधिकारी और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के पूर्व फील्ड निदेशक संजय पाठक ने भेड़ियों और उनके व्यवहार के बारे में आम गलत धारणाओं की जानकारी दी।



## ऑफ बीट

# आतंकवाद में बदलाव आया है, लेकिन क्या हम तैयार हैं

जब अल–कायदा सदस्यों ने 11 सितंबर 2001 को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वाणिज्यिक विमानों से टक्कर मारी थी तब दुनिया के सामने यह स्पष्ट हो गया था कि आतंकवादी कौन हैं, लेकिन 23 साल बाद भी वास्तविकता यह है कि आतंकवादियों का कोई एक प्रकार नहीं है। चूंकि विश्व भर में सुरक्षा बल सभी प्रकार के समूहों से उत्पन्न खतरों से जूझ रहे हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी कौन है, इस पर सहमति अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। आतंकवाद की एक प्रभावी परिभाषा जरूरी है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए परिचालन नियम तैयार किए जा सकें तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और युद्ध, मित्रों और शत्रुओं तथा खतरे के परिदृश्यों के साझा परिप्रेक्ष्य के आधार पर संयुक्त प्रयासों को सुविधाजनक बनाया जा सके। कोई शख्स अपनी गतिविधियों के कारण आतंकवादी कहलाता है, न कि अपने विश्वासों के कारण, तथा उसकी गतिविधियों के कारण ही उस पर मुकदमा चलाया जाता है। अच्छाई और बुराई के सैद्धांतिक स्तर पर आतंकवाद को लेकर चर्चा करना निरर्थक है। भले ही हम सभी इस बात पर सहमत हों कि आतंकवाद बुराई की अभिव्यक्ति है, लेकिन इस बात पर सहमति नहीं बन सकती कि आतंकवादी कौन हैं।



## ट्रेंड

### पीएम-जेएवाई का विस्तार



हम प्रत्येक भारतीय के लिए सुलभ, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में, कैबिनेट ने आयुष्मान भारत पीएम-जन आरोग्य योजना के दायरे को और विस्तारित करने का निर्णय लिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समाज व सरकार विचार करें



सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। समाज और सरकार दोनों गंभीरता से विचार करें - देश की आधी आबादी की रक्षा की ज़िम्मेदारी से कब तक आंख चुराएंगे

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### समान अवसर की जरूरत



भारत की अर्थव्यवस्था पर विश्व बैंक की नई रिपोर्ट बेहद उत्साहवर्धक है। विकास दर 7% रहने का अनुमान है और हम सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहेंगे। हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच समान अवसर की आवश्यकता है।

-अनिल अग्रवाल, व्यवसायी

### सबसे महत्वपूर्ण...कहानी



टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म छात्रों के एक समूह के साथ, जो मुझसे फिल्म बनाते समय 10 सबसे महत्वपूर्ण चीजें पूछ रहे थे। मैंने जो कहा वह यहां है; कहानी, कहानी, कहानी...

-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## सप्ताह भर पूर्व किया था छात्र व ग्रामीणों को अगवा

नक्सलियों ने सप्ताह भर पूर्व जप्पेमरका गांव के ग्रामीण माड़वी सूजा और पोडियाम कोसा व मिरतुर के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र पोडियामी हिड़मा को भी अगवा कर अपने साथ ले गए थे। तीनों को अगवा करने के बाद जप्पेमरका गांव के जंगल में नक्सलियों ने ग्रामीणों के समक्ष जनअदालत लगाकर पेश किया। इसके बाद माड़वी सूजा और पोडियाम कोसा को सभी ग्रामीणों के सामने ही पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर लटका दिया गया। वहीं छात्र को मुखबिरी ना करने की हिदायत देकर छोड़ दिया।



### पांच दिनों की बारिश से छलके बांध

# जनअदालत में नक्सलियों ने दो को फांसी पर लटकाया, छात्र को धमकाकर छोड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर**

### भैरमगढ़ इलाके के जप्पेमरका में जनअदालत, मुखबिरी का शक

नक्सलियों ने एक बार फिर बीजापुर के भैरमगढ़ इलाके में जनअदालत लगाकर दो ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया है। दोनों ग्रामीणों पर वर्ष 2014 से पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के सामने पेड़ में फांसी का फंदा बनाकर टांग दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। नक्सलियों ने एक माह के अंदर यह पांचवी हत्या की है। इससे पूर्व दो ग्रामीणों के अलावा एक महिला नक्सली को पुलिस का मुखबिर बताते हुए जनअदालत लगाकर हत्या कर दी गई थी। वहीं अगवा किए गए स्कूली छात्र को रिहा कर करते हुए पुलिस के लिए मुखबिरी नहीं करने की चेतावनी दी है।

जानकारी के मुताबिक भैरमगढ़ क्षेत्र के जप्पेमरका इलाके में नक्सलियों ने दो दिन पहले जनअदालत लगाकर ग्रामीण माड़वी सूजा व पोडियामी कोसा पर पुलिस ▶▶ शेष पेज 2 पर





### एक माह में जनअदालत लगाकर की पांचवी हत्या

लगभग एक माह के अंतराल में नक्सलियों द्वारा पुलिस इनफॉर्मर बताते जनअदालत लगाकर पांचवी हत्या की है। इससे पूर्व पुलिस इनफॉर्मर बताते हुए अपने ही महिला साथी निलो उर्फ राधा को नक्सलियों ने गद्दार करार देते हुए जनता के सामने जनअदालत लगाकर हत्या कर दी थी। तेलंगाना के चारला मंडल क्षेत्र के जंगल में जनअदालत लगाकर हत्या कर उसके शव को चेन्नापुरम गांव के पास फेंक दिया था। इससे पूर्व नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर गंगालूर थाना क्षेत्र के पूसनार गांव के गायतापारा के ▶▶ शेष पेज 2 पर

# गंगरेल, माडमसिल्ली, दुधावा सोंढूर से छोड़ना पड़ा पानी....

**मानसूनी सिस्टम अब कमजोर लेकिन नदियां अब भी उफन रहीं**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

हरिभूमि फॉलोअप

मानसूनी सिस्टम अब कमजोर हो रहा, लेकिन पिछले चार-पांच दिनों में बस्तर से लेकर रायपुर और कवर्धा से लेकर सरगुजा तक जमकर पानी बरसा। कई इलाकों में बाढ़ के हालात रहे। इन दिनों में बादल जैसे बेकाबू होकर बरसे। मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें, तो अब तक राज्य में 1064.8 मिमी औसत बारिश दर्ज हो चुकी है। प्रदेश के 12 बड़े बांधों में से 8 लबालब हो गए हैं। इन बांधों में बांगो, गंगरेल, तांदुला, दुधावा, सिकासार, खारंग, माडमसिल्ली और मनियारी बांध अपनी पूरी क्षमता ▶▶ शेष पेज 2 पर

- पिछले तीन दिनों की बारिश से 15 मध्यम बांध भी हुए लबालब
- बस्तर में लगातार चार दिनों की बारिश से चार जिलों के 100 गांव मुख्यालय से कटे



लहरों से छलकने लगा तांदुला

**बालोद।** जिले के सबसे बड़े और तीन जिलों की जीवनदायिनी तांदुला जलाशय अब लहरों से छलकने लगा है। तेज हवाओं के साथ जलाशय का लहर भी इतना तेज है कि पानी लहर से ओवरफ्लो हो रहा है। जिले में बीते दिनों रविवार से मंगलवार तक हुई अच्छी बारिश के परिणाम स्वरूप ही जिले के जलाशयों ▶▶ शेष पेज 2 पर

### गंगरेल सहित चारों बांधों के गेट खोल दिए गए

छत्तीसगढ़ में भारी बारिश फिर से शुरू हो गई है, जिसका सबसे ज्यादा असर धमतरी जिले पर पड़ा है, जहां लगातार हो रही इस बारिश के कारण जिले के सभी चार बड़े बांधों गंगरेल, माडम सिल्ली, दुधावा और सौंढूर में पानी का बड़ा प्रवाह हो गया है। नतीजतन, छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा गंगरेल बांध अपनी पूरी क्षमता पर पहुंच गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया, अतिरिक्त पानी के प्रबंधन के लिए ▶▶ शेष पेज 2 पर

## डॉक्टर बैठक में नहीं पहुंचे, ममता बोलीं- इस्तीफा देने को तैयार



**एजेंसी ▶▶ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के मुद्दे पर सरकार और चिकित्साकर्मियों के बीच गतिरोध जारी है। सरकार और आंदोलनरत डॉक्टरों की गुरुवार को भी बैठक नहीं हो सकी। सरकार ने तीसरी बार डॉक्टरों को बातचीत के लिए बुलाया था। सीएम ममता बनर्जी भी बातचीत के लिए नबन्ना के कॉन्फ्रेंस हॉल में 2 घंटे तक डॉक्टरों का इंतजार करती रही, लेकिन डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर अड़ा रहा और ▶▶ शेष पेज 2 पर

- सीएम ममता ने कहा- मैंने दो घंटे किया इंतजार

### सीधा प्रसारण पर अड़े रहे डॉक्टर

प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य भवन के बाहर धरना शुरू करने से पहले कहा था कि वे बैठक का सीधा प्रसारण करने की मांग से पीछे हटने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। राज्य के मुख्य सचिव बैठक के लिए अपने नये निमंत्रण में पहले ही इस मांग को अस्वीकार कर चुके हैं।

**कबड्डी प्लेयर बालिका को बुलाया था घर**

## नाबालिग से छेड़छाड़ पीटीआई गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम**



कबड्डी प्लेयर नाबालिग छात्रा को फार्म भरने के नाम पर घर बुलाकर छेड़छाड़ करने के आरोप में पीटीआई अजय सिंह निवासी गीदम को पुलिस ने गुरुवार गिरफ्तार किया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर थाना अजाक जिला दंतेवाड़ा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75, 76, पॉक्सो एक्ट की धारा 8, 10, 12, किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75, एसटी/एससी एक्ट की धारा 3(2)(5क)(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक ▶▶ शेष पेज 2 पर

## एक्शन में एसीबी, चार जगह धावा, रिश्वत लेते पांच दबोचे



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/ सरायपाली/ रायगढ़/ जीपीएम/ कबीरधाम**

खास खबर

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को राज्य के चार अलग-अलग जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उप पंजीयक, लिपिक, लोकपाल तथा सहायक लेखाधिकारी को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। टीम ने महासमुंद के साथ ही रायगढ़, जीपीएम तथा कबीरधाम में धावा बोला। कबीरधाम में सरपंचों से एक-एक लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में सहायक लेखाधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। एसीबी द्वारा ▶▶ शेष पेज 2 पर

### सरपंच से एक लाख लेते लेखाधिकारी गिरफ्तार

एसीबी की टीम ने कबीरधाम जिला के बोडला जनपद पंचायत के सहायक लेखाधिकारी नरेंद्र कुमार राउतकर को गिरफ्तार किया है। नरेंद्र कुमार ने कुकरापानी के सरपंच पति मोती बैगा से आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए स्वीकृत राशि जारी करने एक लाख रुपए की मांग की थी। सहायक लेखाधिकारी के खिलाफ अन्य सरपंचों ने आंगनबाड़ी के लिए राशि स्वीकृत करने पैसा लेने के आरोप लगाए हैं।




##Cashback Offer available on all Honda two-wheeler models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards & IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. ##Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of Rs. 5000. ##Valid on one transaction per card/order during the offer period. ##Cashback offer valid until 30th September 2024. ##The scheme is available in select outlets only. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment. #3 years of standard plus 7 years of free extended warranty only on Shine 100. #This scheme is offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers. ^For detailed Terms and Condition of 1st Year Free Service Maintenance Package, kindly contact Authorised Main Dealers and Associate Dealers. ^Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 8305759763; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9806869214; **DURG:** Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda- 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto -7389320271; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457, 7587341845; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; **NAGRI:** Nahta Honda- 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932, 9406453860, **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

## जैकेट के शेष

### कानफोड़ डीजे बना ...

समस्या थी और ना ही उसे कभी सिर पर गंभीर चोट लगी लेकिन उसका ब्रेन हेमरेज हो गया। चिकित्सकों ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला कि युवक डीजे की तेज आवाज के बीच रहता है और यही वजह है कि उसके सिर में खून का थक्का जम गया है। डीजे के इस नुकसान की जानकारी मिलने के बाद युवक को तत्काल रायपुर रिफर किया गया है और फिलहाल मरीज मेकाहारा में भर्ती है और उसके ऑपरेशन की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि 9 सितंबर को बलरामपुर जिले के चलगली निवासी 40 वर्षीय संजय जायसवाल चक्कर व उल्टी की शिकायत पर ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के पास उपचार करने पहुंचा था। प्रारंभिक जांच में युवक के बीमारी का कारण पता नहीं चलने पर डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने मरीज को सीटी स्कैन कराने की सलाह दी। युवक ने जब अपना सीटी स्कैन कराया तो क्लिनिक में टेक्नीशियन भी हैरान हो गए। युवक के सिर में खून का थक्का जमा हुआ था। ऐसे में उन्होंने घटना की जानकारी चिकित्सक को दी। सूचना मिलने पर चिकित्सक भी क्लिनिक पहुंचे और युवक व उसके परिजन से पूछताछ की। इस दौरान युवक ने चिकित्सक को बताया कि उसे बीपी की बीमारी नहीं है और ना ही उसका कोई झगड़ा हुआ। वह कभी गिरा भी नहीं है जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आए।

**डीजे की आवाज से आया था चक्कर** : युवक के सिर में रक्त स्त्राव से खून का थक्का जमने को लेकर जब कोई कारण समझ नहीं आया तो चिकित्सक ने मरीज से पूछा की उसे पहली बार कब चक्कर आया था।

**हो सकती हैं कई बीमारियां** : इस मामले में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता का कहना है कि 60 से 70 डेसीबल तीव्रता की ध्वनि मानव शरीर के उपयुक्त है लेकिन इसके बाद 85 डेसीबल से ऊपर की ध्वनि के कारण गंभीर परिणाम सामने सकते हैं। 85 डेसीबल की ध्वनि तीव्रता लगातार कान में पड़ने से सुनने की क्षमता में स्थायी रूप से कमी आ सकती है।

### कामर्शियल वाहन में ...

एसपी को पत्र जारी किया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक गाड़ियों में डीजे बजाने पर डीजे जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखने के लिए कहा गया है। दूसरी बार पकड़े जाने पर उस वाहन का परमिट रद्द किया जाएगा। एएसपी सिटी लखन पटले ने गणेश विसर्जन के दौरान निकलने वाली झांकी में डीजे को लेकर शासन के दिशा निर्देशों का पालन कराने की बात कही है।

### एसपी से की गई मुलाकात ....

साथ एसपी सरगुजा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ध्वनि प्रदूषण से होने वाले खतरों के प्रति आगाह करते हुए इस पर कार्रवाई करने और डीजे व अन्य ध्वनि प्रदूषण करने वाले यंत्रों पर रोक लगाने के लिए पहल करने की मांग की।

### सीएम की दो ....

लिया। जिलों में चल रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं के साथ ही राज्य सरकार की तरफ से दी जाने वाली सुविधाएं और उन सुविधाओं का जनता को कितना लाभ मिल रहा है, इसे लेकर भी मुख्यमंत्री अधिकारियों से फीडबैक लिया।

**जर्जर स्कूलों की गुणवत्ता की जांच कर ठेकेदारों पर एफआईआर करें** : मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कुछ जिलों में साइकिल वितरण में देरी पर नाराजगी जतायी। सुकमा, बलरामपुर में अब तक साइकिल वितरण क्यों नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सत्र शुरू होते ही साइकिल वितरण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, जर्जर स्कूलों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा, संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करें। गुणवत्ताहीन निर्माण की जांचकर संबंधित पर एफआईआर करें। गुणवत्ता से समझौता करने वालों की जेल में जगह होगी। गुणवत्ताविहीन कार्य होने पर रिकवरी भी की जाएगी। कलेक्टर अपने ज़िले में भ्रमण कर स्कूलों का निरीक्षण करें। स्कूल-हॉस्टल की व्यवस्था ठीक करें। पीएम श्री योजना में खैरागढ़ और सारंगढ़ में निर्माण कार्य प्रारंभ न होने पर असंतोष जताया। **फ्लैगशिप योजनाओं के लक्ष्य को ध्यान रखकर काम करें** : मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा, शासन की योजनाएं पूरी पारदर्शिता के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाई जाए। सभी फलैगशिप योजनाओं में सैचुरेशन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें। बीते 9 महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश को संवारने की दिशा में प्रयास किया गया है, लेकिन विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम की जरूरत है।

### कलेक्टर्स को सीएम ....

नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा, अगर आपके अधिकारियों की भाषा बिगड़ रही है, तो उन पर आप कार्रवाई करें और अगर आपकी भाषा बिगड़ेग3 मैं कार्रवाई करूंगा।

### दीपावली, दशहरा शीतकालीन ...

उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। दशहरा, दीपावली और शीतकालीन अवकाश के दौरान छात्रों और शिक्षकों दोनों की ही छुट्टियां रहेंगी। स्कूल पूर्णतः बंद रहेंगे, जबकि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षक नियमानुसार सेवाएं देंगे।

### जादू-टोने के शक ....

के लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। घटनास्थल पर पुलिस के आला अफसर भी पहुंच चुके हैं। विकासखंड के ग्राम छरछेद में पड़ोस में रहने वाले रामनाथ पिता सुखी पाटले, दीपक पिता रामनाथ पाटले और दिल पिता रामनाथ पाटले ने जादू-टोने के शक में चेतराम पिता राम लाल (45), जमुना बाई केवट, दुधमुंहा बच्चा, यशोदा बाई केवट को गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे कुल्हाड़ी से काट डाला। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़े तो घर में चारों ओर खून से लथपथ चार शव पड़े थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने आला अधिकारियों को घटना से अवगत कराया, जहां देर रात तक एफएसएल की टीम गांव पहुंच चुकी थी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल मौके पर पहुंचकर जायजा लिया है।

## पेज एक के शेष

### जनअदालत में नक्सलियों ने...

मुखबिरी का आरोप लगाकर उन्हें फांसी की सजा सुनाकर उनकी हत्या कर दी है। वहीं नक्सलियों ने अगवा किए गए मिरतुर छात्रावास में पढ़ रहे छात्र पोडियामी हिड़मा को जनअदालत से रिहा कर दिया है। नक्सलियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने ग्रामीणों की हत्या कर फांसी के फंदे पर झूल रहे दोनों ग्रामीणों के सीने में पर्चा लगाकर घटना की जिम्मेदारी ली है।

**पर्चे में एक दशक से पुलिस की मुखबिरी का लगाया आरोप** : भैरगगढ़ एरिया कमेटी ने जारी पर्चे में बताया कि दोनों ग्रामीण पिछले दस साल से पुलिस के लिए मुखबिरी का काम कर रहे थे। इसी के चलते इन्हें मौत के घाट उतारा गया है। वहीं पर्चे में आस-पास गांव के लोगों को भी चेतावनी देते हुए पुलिस की मुखबरी नहीं करने कहा गया है। इसे साथ ही भाजपा को मार भगाने व इसकी खबर पुलिस को न देने परिजनों और ग्रामीणों को धमकी भी दी है। दोनों मृतकों के शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### एक माह में जनअदालत...

ग्रामीण लांचा पुनेम को भी पुलिस का मुखबिर बताते हुए जनअदालत में बेहरमी से हत्या कर दी थी। इससे पूर्व 26 अगस्त को भैरमगढ़ के सीतु माडवी (30), निवासी जैगुर पंचायत पर 2021 से पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में उसकी हत्या कर दी गई थी।

### गंगरेल, माडमसिल्ली, दुधावा...

पर पहुंच गए हैं। धमतरी जिले के चार बड़े बांधों के गेट खोल दिए गए हैं। तांदुला से भी पानी छोड़ा जा रहा है। जगदलपुर में लगातार बारिश के कारण आम जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा है। सुकमा जिले में भी बीते दो दिनों से बारिश लगातार होती रही। बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और नारायणपुर जिलों में लगातार हो रही बारिश के कारण सभी नदी नाले अब भी उफान पर हैं। करीब 100 गांव जिला मुख्यालय से कट गए थे।

**ये बांध हुए लबालब** : तीन दिनों की बारिश से प्रदेश के लगभग दो दर्जन से अधिक बांध और जलाशय पूरी क्षमता पर पहुंच चुका है। मध्यम बांधों में खरखरा, कोसारटेडा, परलकोट, क्षीरपानी, पिपरिया नाला, सुतियापाट, सरोदा, घोंघा, मटियामोती, गेज टेंक, बेहराखार, खपरी,बरनोई, रूसे, धारा जलाशय अपनी पूरी क्षमता से भरा गया है।

**बांगो डैम लबालब** : कोरबा जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते बांगो डैम पानी से लबालब हो गया है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक बांगो डैम में अभी 88 फीसदी पानी भर चुका है। ये आंकड़ा और ऊपर जाने पर डैम के गेट जल्द खोले जा सकते हैं।

**कर्रानाला बांध के गेट खोले गए** : कर्रानाला डैम में पानी जरुरत से ज्यादा जमा होने के बाद डैम के गेट खोल दिए गए। डैम से निकला पानी लोहारा ब्लॉक में आफत बनकर पहुंचा। मजबूर लोग जान जोखिम में डालकर नाले और नदी पर बने पुल को पार कर रहे हैं। प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रही है कि वो इस तरह का खतरा नहीं उठाएं। बारिश और बाढ़ के पानी ने कई घरों में भी घुसने की जानकारी मिली है। घरों में रखा अनाज सामान दोनों पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं।

**गंगरेल बांध में पानी डिस्चार्ज की मात्रा घटी** : धमतरी। गंगरेल बांध में कैचमेंट एरिया से पानी की आवक कम हो गई है। इसी के साथ बांध से पानी छोड़ने की मात्रा घटा दी गई है। गंगरेल कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को गंगरेल बांध में पानी की आवक 14568 क्यूसेक मापी गई है। बांध के चार गेट के माध्यम से 12767 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जिसमें से 3000 क्यूसेक पानी सिंचाई के लिए दिया जा रहा है। शेष पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है।

### लहरों से छलकने...

में लबालब पानी भरा हुआ है, वहीं खरखरा व मटियामोती जलाशय में क्षमता से अधिक पानी होने से अब ओवरफ्लो (छलकने) लगा है। इधर, तांदुला जलाशय का मनोरम दृश्य देखने सैलानियों की एक बार फिर से भिड़ फिर दिखाने लगी है। लोग जलाशय के बेहद नजदीक जाकर सेल्फी लेते हुए व जिस जगह से पानी छलकता है, वहां जाकर बैठते हुए भी नजर आ रहे हैं, जबकि उन्हीं के जान माल का खतरा बना हुआ है।

### गंगरेल सहित चारों...

चारों बांधों के गेट खोल दिए गए हैं। गंगरेल बांध में 1 लाख 35 हजार क्यूसेक पानी की आवक होने की वजह से बांध के 9 गेट खोल दिए गए हैं। बांध में 32 टीएमसी पानी है, जिससे नदी में 25,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### डॉक्टर बैठक में...

मीटिंग में नहीं पहुंचा। इसके बाद ममता बनर्जी ने कहा कि न्याय की खातिर कुर्सी छोड़ने को भी तैयार हूं। ममता बनर्जी ने बैठक को लेकर कहा कि बातचीत होने पर ही समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि हमने जूनियर डॉक्टरों से मिलने के लिए दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बैठक स्थल पर नहीं आए। ममता ने कहा कि बैठक की रिकॉर्डिंग के लिए भी इंतजाम किए गए थे। ममता ने कहा, आरजी कर मामले में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मैंने जूनियर डॉक्टरों से बातचीत करने की तीन बार कोशिश की। हमारे पास जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था थी, हम उच्चतम न्यायालय की अनुमति से इसे उनके साथ साझा कर सकते थे। बंगाल सीएम ने कहा कि आरजी कर मामला क्योंकि न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए जूनियर डॉक्टरों की मांग के अनुसार उनके साथ बैठक का सीधा प्रसारण नहीं किया जा सकता। बताया गया है कि पुलिस सुरक्षा में प्रतिनिधिमंडल शाम करीब साढ़े पांच बजे सचिवालय पहुंचा, जबकि बैठक का समय पहले पांच बजे तय हुआ था। राज्य सरकार की तरफ से 15 लोगों की शर्त के बावजूद 30 चिकित्सक नबन्ना पहुंचे।

**ममता ने मांगी माफी** : डॉक्टरों के मीटिंग में नहीं पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए ममता बनर्जी ने गतिरोध के लिए बंगाल के लोगों से हाथ जोड़कर माफ़ी मांगी। डॉक्टरों से काम पर लौटने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि हमने डॉक्टरों के साथ बैठक के लिए 2 घंटे तक इंतजार किया। हमने देखा कि उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमने उनसे बातचीत के लिए खुले दिमाग से आने को कहा था। बातचीत होने पर ही समाधान हो सकता है।

### नाबालिग से छेड़छाड़...

राजनाला व राम कुमार बर्मन, एसडीओपी बारसूर उन्नति ठाकुर, डीएसपी अजाक व क्राइम रुचि वर्मा ने त्वरित विवेचना की। इसके आधार पर आरोपी पीटीआई अजय सिंह को गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। आरोपी स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ है।

### एक्शन में. एसीबी, ....

जारी बयान के मुताबिक महासमुंद, सरायपाली में रजिस्ट्री कार्यालय के उप पंजीयक लिली पुष्पलता बैग तथा सहयोगी शत्रुघन ताड़ी को
भूपेंद्र पटेल की शिकायत पर 26 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उप पंजीयक पर आरोप है कि उसने दान की जमीन को भूपेंद्र की पत्नी के नाम रिकार्ड में चढ़ाने भूपेंद्र के पिता से 35 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी, जिसकी भूपेंद्र ने एसीबी में शिकायत की थी। एसीबी द्वारा जारी बयान के मुताबिक लिली पुष्पलता के खिलाफ पूर्व में भी पद के दुरुपयोग तथा क्रेता को लाभ पहुंचाने शासकीय पंजीयन राशि में हेरफेर करने का आरोप है।

प्रोग्राम ऑफिसर से पैसों की मांग, **लोकपाल गिरफ्तार** : एसीबी की टीम ने जनपद पंचायत पेंड्रा के लोकपाल वेद प्रकाश पाण्डेय को 25 हजार रुपए रिश्वत लेते ट्रैप किया है। वेद प्रकाश के खिलाफ प्रोग्राम ऑफिसर रोशन सराफ ने शिकायत दर्ज कराई थी। रोशन ने एसीबी में जो शिकायत दर्ज कराई थी, उसके मुताबिक लोकपाल ने तालाब खुदाई की जांच करने के बाद नस्तीबद्ध करने रिश्वत की मांग की थी। एसीबी द्वारा जारी बयान के मुताबिक अवैध वसूली के आरोप में वेद प्रकाश पूर्व में एक बार बर्खास्त हो चुका है।

**मेडिकल बिल पास करने के नाम से पैसों की मांग** : रायगढ़ में एसीबी की टीम ने मेडिकल बिल पास करने के नाम से 25 हजार रुपए रिश्वत लेते खम्हार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिपिक ओम प्रकाश नवरतन को गिरफ्तार किया है। ओम प्रकाश के खिलाफ सहायक शिक्षक ओमेंद्र सिंह चौहन ने शिकायत दर्ज कराई थी। ओमेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई थी की उनकी पत्नी के इलाज में खर्च हुए चार लाख रुपए के मेडिकल बिल पास करने के नाम पर ओमप्रकाश ने पैसों की मांग की थी।


## कार्यालय नायब तहसीलदार राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / / वाचक / ना. तह. / 2024 — राजिम, दिनांक 28/08/2024
रा.प्र.क्र. -202407220600007 वर्ष 2023-2024
ग्राम - कोपरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत कोपरा जिला - गरियाबंद नवीन नगर पंचायत कोपरा के भवन निर्माण हेतु जर्जर प्राथमिक शाला भवन भूमि ख.नं. 3103 रकबा 0.45 हे. मुडतराई रोड में अस्तित्वविहिन सिंचाई विभाग कॉलोनी की भूमि को चिन्हांकित कर उक्त भूमि को नवीन नगर पंचायत कार्यालय भवन के निर्माण हेतु आबंटित किये जाने कलेक्टर महोदय गरियाबंद में आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजिम के माध्यम से छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता / राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान अनुरूप स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ सर्वसाधारण को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 26/09/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
राजिम (छ.ग.)

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
### लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा

Ph. +91-7856-252240, Fax +91-7856-252475, Email-ee.dantewada@nic.in

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-**

नि.क्र. 13/व.ले.लि./24-25 — दन्तेवाड़ा दिनाँक 11/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत "द" श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि :- 23.09.2024**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | जिला दन्तेवाडा के कारली में डिजिटल प्लेन्टोरियम में स्लेब कलवर्ट निर्माण कार्य | 11.24 |
| 2 | जिला दन्तेवाडा के कारली में डिजिटल प्लेन्टोरियम में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 33.22 |
| 3 | जिला दन्तेवाडा के नगर पंचायत बारसूर के वार्ड क्रमांक 01 से 15 में पॉकेड गार्डनिंग फेंसिंग कार्य एवं पेवर ब्लॉक स्थाना कार्य | 43.67 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग,
दन्तेवाड़ा

G-242502430/2

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल कोरबा छत्तीसगढ़

फोन. : 07759-221273, नि: 07759-22254, फैक्स 07759-223531, Email: dfo_korba@yahoo.co.in

क्रमांक / राजस्व/ 1544 — कोरबा, दिनांक 11/09/24

**नीलाम**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा में रखी गई निम्न विवरण अनुसार जलाऊ लकड़ी का नीलाम दिनांक 19.07.2024 को प्रातः 10:30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जावेगा।

**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपो का नाम | प्रजाति | पुराना वनोपज | नया वनोपज | योग |
|---|---|---|---|---|
| जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी | सतकठा जलाऊ | 693 चट्टा | 57 चट्टा | 750 चट्टा |
| | सागौन जलाऊ | 47 चट्टा | - | 47 चट्टा |
| | नीलगिरी जलाऊ | 21 चट्टा | - | 21 चट्टा |
| | **योग -** | **761 चट्टा** | **57 चट्टा** | **818 चट्टा** |
| निस्तार डिपो करतला | सतकठा जलाऊ | - | 55 चट्टा | 55 चट्टा |
| निस्तार डिपो कुदमुरा | सतकठा जलाऊ | - | 23 चट्टा | 23 चट्टा |
| अस्थाई डिपो नोनबिर्रा | सतकठा जलाऊ | - | 500 चट्टा | 500 चट्टा |
| | **कुलयोग-** | **761 चट्टा** | **635 चट्टा** | **1396 चट्टा** |

टीप :-
01. नीलाम में रखी जाने वाली वनोपज का कार्यालयीन दिवस में जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा से अवलोकन की जा सकती है।
02. नीलाम की शर्ते एवं वनोपज का विस्तृत विवरण मटेरियल सूची कार्यालय दिवस में वनमंडल कार्यालय एवं परिक्षेत्र अधिकारी, कुदमुरा (उत्पादन) से प्राप्त किया जा सकता है।
03. नीलाम बोली मान्य का 25 प्रतिशत ई.एम.डी. मल्टीसिटी चेक/ बैंक ड्राफ्ट, भारतीय स्टेट बैंक का ही स्वीकार किया जावेगा अन्य बैंकों नहीं ।
04. वनोपज की उक्त सूचित मात्रा में बढ़त/घटत संभावित है।
05. कार्य आदेश प्राप्त करते समय पेन कार्ड/टीन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा किया जाना आवश्यक है ।

वनमण्डलाधिकारी
कोरबा वनमण्डल, कोरबा

G-242502456/2

## कार्यालय जिला पंचायत- बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक/3484 — दिनांक- 11/09/2024

**-:: निविदा सूचना ::-**

जिला पंचायत बेमेतरा अंतर्गत कार्यालयीन व्यवस्था के तहत वाहन किराया हेतु निविदा दिनांक 27/09/2024, समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व अन्य विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट www.bemetara.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बेमेतरा

S-41419/2

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
### लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

दिनांक 10.09.2024

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 24.09.2024 है।

| एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 366 Tender No. 158452 | गरियाबंद अनुविभाग क्रमांक 01 अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों का लघुमूल गौण कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 367 Tender No. 158453 | गरियाबंद अनुविभाग क्रमांक 01 अंतर्गत विभिन्न गैर आवासीय भवनों का लघुमूल गौण कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 368 Tender No. 158456 | गरियाबंद अनुविभाग क्र.-02 के अंतर्गत मैनपुर उपखण्ड के गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं साधारण मरम्मत कार्य। | रू. 30.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़ — आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर
मण्डल क्र. 2 (छ.ग)

G-242502446/4

## कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ-ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / 8224 / छात्र/ काउंसिलिंग / संचिशि / 2024 — रायपुर, दिनांकः 10/09/2024

**सूचना**

प्रवेश वर्ष 2024 छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी फिजियोथेरेपी महाविद्यालय में संचालित स्नातक फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम ( BPT ) में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन निम्नानुसार दिनांक तक कर सकते हैं।

स्नातक फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम (BPT) में प्रवेश हेतु NEET में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी पात्र है, तथा इस पाठ्यक्रम हेतु कोई न्यूनतम अहर्ताकारी अंक (Minimum Qualifying Marks) नहीं है :-

**ऑन-लाईन आवेदन शुल्क** :-
1. अनारक्षित श्रेणी (UR) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी हेतु -रू.1000/- (रू. एक हजार मात्र)
2. अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी हेतु - रू.500/- (रू. पांच सौ मात्र)
3. अप्रवासी भारतीय नियतांश (NRI) हेतु - रू. 10000 /- (रू. दस हजार मात्र)

(नोट : ऐसे ऑनलाईन आवेदक जिन्होंने पूर्व में प्रवेश वर्ष 2024 में MBBS / BDS में ऑनलाईन आवेदन किया है, को पुनः ऑनलाईन आवेदन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है ।)

ऑन-लाईन आवेदन प्रारंभ तिथि :- दिनांक 14 सितम्बर 2024, समय Server Time 11:00 Hrs (11:00 AM)
से
ऑन-लाईन आवेदन अंतिम तिथि :- दिनांक 24 सितम्बर 2024, समय Server Time 17:00 Hrs (05:00 PM )
तक

ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि होने पर अभ्यर्थियों को निशुल्क Reset Application करने की सुविधा आवेदन की अंतिम तिथि तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थियों द्वारा Reset Application का चयन करने पर ***पुराना Online Application फार्म शून्य (Cancel) हो जायेगा एवं आवेदक नया Online Application भर सकेंगें।***

**नोट** :-
1. प्रवेश प्रक्रिया नियम हेतु, "छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी) स्नातक प्रवेश नियम, 2018" का अवलोकन करें।
2. ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया, काउंसिलिंग, आबंटन इत्यादि से संबंधित जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाइट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन करते रहें ।
3. शासकीय एवं निजी फिजियोथेरेपी महाविद्यालय का आबंटन छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा गठित काउंसिलिंग समिति द्वारा किया जायेगा । **अतः किसी व्यक्ति / संस्था के धोखे में नहीं फंसे ।**

*( आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित )*

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.

G-242502458/1

## शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
### धरमपुरा, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) पिन कोड - 494001

वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in दूरभाष- 07782-229037 फैक्स 229297

क्रमांक / 567/610/ सा. प्रशा/ स्थापना / 2024 — जगदलपुर, दिनांक 07/09/2024

**विज्ञापन**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विभिन्न अध्ययनशाला के प्राध्यापक / सह प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 14.09.2024 को सायं 05.30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**नोट** :- विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, विश्वविद्यालय की वेबसाईट (www.smkvbastar.ac.in) में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कुलसचिव

S-41417/3

## कार्यालय नगर पंचायत, भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone & Fax No. 07705-296755 Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक/1124/न.पं./निविदा/लोनिवि/2024-25 — भखारा, दिनाँक 12/09/2024

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना::-**

नगर पंचायत भखारा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मद अंतर्गत निर्माण एवं विकास कार्य कराये जाने हेतु कुल 02 कार्य की कुल लागत राशि रु. 30.00 लाख हेतु छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट uhttp://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय - दिनांक 19.09.2024 शाम 5.00 बजे
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय - दिनांक 26.09.2024 शाम 5.00 बजे
3. नगर पंचायत में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि/समय - दिनांक 03.10.2024 दोप. 2.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि/समय - दिनांक 03.10.2024 शाम 4.00 बजे से

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत-भखारा

## कार्यालय मुख्य अभियंता,
### लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 10.09.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आई. डी. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 92/CE/NH/TC/ 44-28/2024 | 2024_ MoRTH_ 825306_1 | Improvement work at the Identified Accidental location of e-DAR spots from **1.** Km. Km.288+850 (Umjhar) and 4 legged Junctions at Km.299+800 (Kharwat) on NH-43 (43-CG-2016-17-343) **2.** Km. 331.000 to 363.000 on NH -43 (Job No. NH-78-CHH-NHDP-IV-2015- 16-25) **3.** Km. 373.505 to 469.300 on NH-43 (Job No. NH-78-CHH-NHDP-IV-2015- 16-25) **4.** km 163.400 to 215.800 (Shivnagar-Ambikapur) of NH-130 (Job No. 111-CHH-NHDP-IV-2015-16- 17) 5. KM. 253+000 at Manendragarh of MP/CG Border to Surajpur section of NH-43 under contingency head of ongoing work unde NH Division Ambikapur. | Rs. 157.84/- Lakhs |
| 2. | 93/CE/NH/TC/ 44-29/2024 | 2024_ MoRTH_ 825307_1 | Construction of 5 Nos. Major Bridges at Km 88.200 (Ful-Chhindgarh River), Km. 122.600 (Malger River), Km. 145.000 (Penta Nalah), Km. 163.400 (Errabor River) and Km. 176.600 (Injaram Nalah) on NH-30 (Old NH-221) Jagdalpur- Sukma-Konta Road in the State of Chhattisgarh on EPC Mode. | Rs. 34.54/- Cr. |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सरल क्र. (1.) हेतु दिनांक 18.09.2024 शाम 17.30 बजे तक एवं सरल क्र. (2) हेतु दिनांक 25.10.2024 को सुबह 11.00 बजे तक है।

**2.** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

G-242502435/5


## शब्द पहेली - 5631



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5630 का हल



## सूडोकु नवताल - 5642

मध्यम



### सूडोकु नवताल - 5641 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहेली से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।



# 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर ड्रामा और कॉमेडी से भरपूर है। फिल्म 11 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत राजकुमार (विक्की) और तृप्ति (विद्या) के वेडिंग फोटोशूट से होती है। इसके बाद उनकी सुहागरात का सीन दिखाया जाता है जिसमें विक्की विद्या से कहता है कि वे हॉलीवुड कपल्स की तरह अपनी सुहागरात का वीडियो बनाएंगे। बाद में उनके इसी वीडियो की सीडी चोरी हो जाती है और यहीं ड्रामे की शुरुआत होती है। राजकुमार और तृप्ति पहली बार पर्दे पर एक साथ धमाल मचाने जा रहे हैं।



## लाइफ

# प्राची

## मुझे हमेशा स्ट्रगल करना पड़ा

प्राची देसाई ने टीवी से लेकर फिल्मों तक में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा। उन्होंने इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया। लेकिन, एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में काफी स्ट्रगल किया है। उन्होंने बताया था कि इंडस्ट्री में काफी नेपोटिज्म है। एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि स्टारकिड्स को फ्लॉप होने के बाद भी काफी फिल्में मिलती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्राची ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'मैं रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर और अभिषेक कपूर की रॉक ऑन के लिए बहुत आभारी हूं। तब मैं बहुत यंग थी और उस वक्त इंडस्ट्री में मेरे ज्यादा फ्रेंड्स भी नहीं थे। मुझे नहीं लगता कि कोई मुझे उस वक्त सीरियली लेता था, क्योंकि हो सकता है कि उन्हें लगा हो कि मैं वन फिल्म वंडर हूं। थैंकफुली, डेब्यू के बाद मुझे वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई और फिर बोल बच्चन मिली।' इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर उन्होंने कहा था, 'लेकिन मुझे हमेशा स्ट्रगल करना पड़ा। क्योंकि, मैं इंडस्ट्री की किड नहीं थी. आउटसाइडर उतने अच्छे से फिट नहीं हो पाते हैं जितने अच्छे से स्टार किड्स हो जाते हैं। हम आउटसाइडर्स को उतने चांसेस नहीं मिल पाते हैं। बड़ी फिल्म पाना बहुत रेयर है। लेकिन, स्टार्स किड्स को प्लेटर पर फिल्म ऑफर होती हैं, जबकि ज्यादातर समय उनकी फिल्में फ्लॉप होती रहती हैं! पूरे सम्मान के साथ, मुझे लगता है कि मैं ईमानदारी से कहती हूं कि आउटसाइडर के लिए ये हमेशा मुश्किल होता है।' बता दें कि प्राची ने रॉक ऑन, लाइफ पार्टनर, तेरी मेरी कहानी, पुलिसगिरी, आई मी और मैं, एक विलेन, अजहर, फॉरेंसिक जैसी फिल्में की हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# टेलर ने जीते सात पुरस्कार

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में धूम मचा दी है। उन्होंने इस बार कुल सात खिताब अपने नाम किए और इस तरह अब उनकी झोली में कुल 30 पुरस्कार आ गए है। टेलर के गाने फोर्टनाइट को साल के सर्वश्रेष्ठ वीडियो का खिताब मिला है। इसे पोस्ट मेलोन ने भी गाया था। टेलर स्विफ्ट ने वीडियो म्यूजिक अवॉर्ड्स में कुल 30 पुरस्कार अपने नाम करने के साथ-साथ एक खास रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है।




# ऑस्कर अवॉर्ड से खुश नहीं हैं हैली

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता हैली बेरी पहली अश्वेत महिला हैं, जिन्हें इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें साल 2002 में 'मॉन्सटर्स बॉल' के लिए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उसके बाद से 22 वर्षों में अब तक किसी भी अश्वेत महिला को इस अवॉर्ड से सम्मानित नहीं किया गया है। इसके बाद भी हैली बेरी अपने 'ऑस्कर अवॉर्ड' से निराश हैं। हैली ने खुलकर इसका कारण भी बताया है। हैली बेरी ने कहा, मेरे लिए दिल टूटने का सबसे बड़ा कारण है कि ऑस्कर में और अधिक अश्वेत महिलाओं के लिए कभी दरवाजा नहीं खोला गया, जैसा कि उन्होंने अपने स्वीकृति भाषण के दौरान घोषित किया था।



# रुबीना को ऑफर हो रहे भाभी के रोल

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने अपनी लाइफ का नया चैप्टर शुरू कर दिया है। वो अब दो बेटियों की मां हैं। रुबीना ने 27 नवंबर 2023 को जुड़वा बेटियों को जन्म दिया था। उन्होंने बेटियों का नाम ईधा और जीवा रखा है। रुबीना अब काम पर वापस लौट आई हैं। उन्होंने सबसे पहले फिटनेस पर फोकस किया और अब वो काम कर रहे हैं। यूट्यूब पर उनका शो किसी ने बताया नहीं आ रहा है। ये इस शो का तीसरा सीजन है। इस शो में रुबीना पेरेंटहुड जर्नी को लेकर बातचीत करती हैं। शो के तीसरे सीजन में रुबीना की पहली गेस्ट उनकी बहन रोहिणी थीं। अब शो में शरद केलकर आएं। शरद संग बातचीत में रुबीना ने बताया कि मां बनने के बाद उन्हें भाभी के रोल ऑफर हो रहे हैं। उन्होंने टाइपकास्ट होने को लेकर बातचीत की।



# हंसी का तगड़ा डोज देने को तैयार अक्षय

**मुंबई।** अक्षय कुमार फैन्स के लिए हाल ही में एक बड़ी खुशखबरी आई। बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' कुमार के साथ कई यादगार कॉमेडी फिल्में बना चुके प्रियदर्शन ने नई फिल्म अनाउंस की है जिसका नाम है 'भूत बंगला'। 14 साल बाद ये जोड़ी बड़े पर्दे के लिए एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही है। इस अनाउंसमेंट से खुश होने वाले फैन्स की एक्साइटमेंट अब और भी बढ़ जाएगी। 'भूत बंगला' में अक्षय के साथ ऐसे एक्टर्स की तिकड़ी आ रही है, जिनका एक साथ किसी फिल्म में होना ही धमाकेदार कॉमेडी की गारंटी होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय कुमार, प्रियदर्शन और प्रोड्यूसर एकता कपूर 'भूत बंगला' के लिए हिंदी सिनेमा की आइकॉनिक कॉमेडी तिकड़ी को साथ लाने में कामयाब हो गए हैं। ये तिकड़ी है- राजपाल यादव, परेश रावल और असरानी।

## टीवी मसाला



# क्या सल्लू के शो में होने वाली है बिग बॉस विनर की एंट्री?

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद अब बिग बॉस 18 को लेकर काफी उत्सुकता बना हुआ है। हर किसी को सलमान खान के शो के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। शो को लेकर लगातार नई अपडेट सामने आ रही है। बिग बॉस का हिस्सा बनने को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। कई नाम ऐसे भी हैं, जिन्होंने सलमान के शो का ऑफर ठुकरा दिया है। बिग बॉस 17 कंटेस्टेंट विकी जैन और अंकिता लोखंडे इन दिनों लाफ्टर शेफ शो में नजर आ रहे हैं। हाल ही में इसी शो में बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी पहुंचे। इस दौरान शो में काफी मस्ती मजाक हुआ, लेकिन इसी दौरान विकी जैन के मुंह से कुछ ऐसा निकल गया, जिसके बाद मुनव्वर को उन्हें रोकना पड़ा।

| | आधार कार्ड में नाम–सजीवन कुमार आ0 शिव जतन राम | | | | |
| | वोटर कार्ड मे नाम–सजीवन आ0 शिवजतन | | | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम–किशुन आ0 रामधन | 420 | 0.060 | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम–देव प्रसाद आ0 किशुन राम, पूरन राम आ0 किशुन राम,मनियारो पति किशुन | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1) (9 (1)) में नाम–किशुन आ0 रामधन | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम– देव प्रसाद आ0 किशुन राम, पूरन राम आ0 किशुन,मनियारो पति किशुन | | | | |
| | आधार कार्ड में नाम–देव प्रसाद आ0 किशुन राम रजवार, पूरन राम आ0 किसुन,मनियारो पति किशुन | | | | |
| | वोटर कार्ड मे नाम–देव प्रसाद राजवार आ0 किशुन राजवार, पूरन राम आ0 किशुन राजवार,मनियारो पति किसुन | | | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम–सुनिता यादव–विष्णु दत्त | 465/5 | 0.020 | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम–सुनिता यादव–विष्णु दत्त यादव | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9 (1)) में नाम–सुनिता यादव–विष्णु दत्त | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1) (मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम–सुनिता यादव–विष्णु दत्त | | | | |
| | आधार कार्ड में नाम–सुनिता यादव पति विष्णु दात यादव | | | | |
| | वोटर कार्ड मे नाम–सुनिता यादव पति विष्णु दत्त | Total | 1.620 | | |
| 3 | 1A&1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम (प्रथम चरण )–समयलाल आ0 बिरन, गेदी बेवा बीरन | 156/1 | 0.960 | महेश्वर आ0 समयलाल | नामांकन मे नाम–महेश्वर आ0 समयलाल |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम (द्वितीय चरण )–समयलाल आ0 बिरन, गेदी बेवा बीरन | 793/1 P | 0.040 | | वंश वृक्ष में नाम–महेश्वर |
| | 1A&1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम (तृतीय चरण )–समयलाल आ0 बिरन | 799/1 P | 0.070 | | आधार कार्ड मे नाम–महेश्वर आ0 समय लाल |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम–समयलाल आ0 बिरन | 42/1 | 0.150 | | ड्रायविंग लायसेंस मे नाम–MAHESHWAR S/O SAMAYLAL |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9(1)) प्रथम चरण में नाम–समयलाल आ0 बिरन, गेदी बेवा बीरन | 70/1 | 0.140 | | जाति, प्रमाण पत्र में नाम–महेश्वर आ0 समयलाल |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9(1)) द्वितीय चरण में नाम–समयलाल आ0 बिरन, गेदी बेवा बीरन | | | | निवास प्रमाण पत्र में नाम–महेश्वर आ0 समयलाल |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9(1)) तृतीय चरण में नाम–समयलाल आ0 बिरन, गेदी बेवा बीरन | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम–समयलाल आ0 बिरन | | | | |
| | आधार कार्ड में नाम–सामय लाल आ0 बीरन | | | | |
| | वोटर कार्ड मे नाम–समयलाल धोबी आ0 बीरन धोबी | | | | |
| | वंश वृक्ष में नाम–समयलाल आ0 बीरन | | | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम–लालमुनी आ0 राजेश्वर अहीर, राजेश्वरी श्रीनिवास आ0 संतराम | 793/5 | 0.030 | रामप्रवेश यादव आ0 जय राम यादव | नामांकन मे नाम–रामप्रवेश यादव आ0 जय राम यादव |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम–लालमुनी पिता राजेश्वर | | | | वंश वृक्ष में नाम–राम प्रवेश यादव |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9 (1)) में नाम–लालमुनी आ0 राजेश्वर अहीर, राजेश्वरी श्रीनिवास आ0 संतराम | | | | आधार कार्ड मे नाम–रामप्रवेश यादव आ0 जय राम यादव |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम–लालमुनी पिता राजेश्वर | | | | वोटर कार्ड मे नाम–रामप्रवेश यादव आ0 जयराम |
| | आधार कार्ड में नाम–लालमुनी देवी पति जयराम यादाव | | | | जाति, प्रमाण पत्र में नाम–रामप्रवेश यादव आ0 जयराम यादव |
| | वोटर कार्ड मे नाम–लालमनी जयराम पति जयराम जयराम | | | | निवास प्रमाण पत्र में नाम–रामप्रवेश यादव आ0 जय राम यादव |
| | वंश वृक्ष में नाम–लालमनी यादव पिता राजेश्वर पति जयराम यादव | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम–RAM PRAVESH YADAV S/O JAI RAM YADAV |
| | न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील जरही, प्रतापपुर के आदेशानुसार नाम–लालमुनी पिता राजेश्वर | | | | |
| | 1A&1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम–अनिता देवी पति सुरेश गुप्ता | 119/8 | 0.090 | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम–अनिता देवी पति सुरेश गुप्ता कलवार | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9 (1)) में नाम–अनिता देवी पति सुरेश गुप्ता | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम–अनिता देवी पति सुरेश गुप्ता | | | | |
| | आधार कार्ड में नाम– अनिता देवी पति सुरेश कुमार गुप्ता | | | | |
| | वोटर कार्ड मे नाम–अनिता देवी गुप्ता पति सुरेश कुमार गुप्ता | | | | |
| | 1A & 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम–प्रियवर संतोष कुमार आ0 स्व0 सीताराम | 106 / 2 | 0.120 | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम–प्रियवर संतोष कुमार आ0 सीताराम जायसवाल | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9(1)) में नाम–प्रियवर संतोष कुमार आ0 सीताराम जायसवाल | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम–प्रियवर संतोष कुमार आ0 सीताराम | | | | |
| | आधार कार्ड में नाम–प्रियवर संतोष कुमार आ0 सीताराम जायसवाल | | | | |
| | वोटर कार्ड मे नाम– प्रियवर संतोष कुमार आ0 सीताराम | | | | |
| | 1A&1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम–माधुरी पुत्री रामजन्म तिवारी | 106 / 8 | 0.030 | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम–माधुरी पुत्री रामजनम तिवारी | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(9 (1)) में नाम–माधुरी पुत्री रामजनम तिवारी | | | | |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी–1)(मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम–माधुरी पुत्री रामजनम तिवारी | | | | |
| | आधार कार्ड में नाम–माधुरी तिवारी पति जय प्रकाश तिवारी | | | | |
| | वोटर कार्ड मे नाम–माधुरी तिवारी पति जय प्रकाश तिवारी | Total | 1.630 | | |

अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों /प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय– उपक्षेत्रीय प्रबंधक, भटगांव उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगॉव क्षेत्र, पो0ऑ0 भटगांव कॉलरी, तहसील–भैयाथान, जिला–सूरजपुर छ0ग0 मे इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा –आपत्ति मान्य नहीं होगा। **SECL/24-25/168**

**उपक्षेत्रीय प्रबंधक, एसईसीएल, भटगांव क्षेत्र**

# हमारी पहचान हमारा गर्व हिंदी



जानकारी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

आजकल जिसे देखो वह हिंदी के शब्द कम अंग्रेजी के शब्दों का ज्यादा इस्तेमाल करता है, जबकि उस शब्द के लिए हिंदी में बहुत अच्छे शब्द हैं, जो आम बोलचाल की भाषा में बोले जाते हैं। इसे लोग आसानी से समझ जाते हैं। बड़े तो बड़े बच्चे भी अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं, इसकी एक विशेष वजह यह है कि ज्यादातर बच्चे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ते हैं। यहां सभी विषय अंग्रेजी में पढ़ाए जाते हैं। इन स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों और पढ़ने वाले बच्चे अंग्रेजी में ही बात करते हैं, ऐसे मग बच्चे अपनी मातृभाषा हिंदी से दूर होते जा रहे हैं। यह अच्छी बात नहीं है।

बच्चों, हर भाषा का अपना महत्व है। जहां तक हमारी मातृभाषा हिंदी की बात है, जो राजभाषा भी है, यह हमारे देश की एक पहचान है। हमें अपनी राजभाषा हिंदी का सम्मान अवश्य करना चाहिए। हिंदी बोलने-लिखने और पढ़ने में सहज होना चाहिए। हमें अपनी राजभाषा हिंदी पर गर्व करना चाहिए।

## हिंदी का ऐतिहासिक महत्व

बच्चों, हिंदी का इतिहास बहुत प्राचीन और समृद्ध है। इस भाषा की जड़ें संस्कृत में समाहित हैं, जो भारतीय संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन धरोहर है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी ने अहम भूमिका निभाई थी। महात्मा गांधी और अन्य बड़े नेताओं ने लोगों से जुड़ने के लिए हिंदी को संवाद का माध्यम बनाया, जिससे देश के लोग एकजुट हुए, हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को ताकत मिली। आज भी हिंदी हमारे देश के अधिकतम हिस्सों में बोली और समझी जाने वाली भाषा है। हम सभी भारतीयों को आपस में जोड़ने वाली एक मजबूत कड़ी है हिंदी।

## मूल्यों और परंपराओं से जुड़ी है हमारी हिंदी



बच्चों, जब हम हिंदी में बात करते हैं तो इससे यह भी संदेश जाता है, हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जुड़े हैं। भाषा के रूप में हिंदी हमें अपने परिवार, समाज और संस्कृति से जोड़े रखती है। जब हम हिंदी सीखते हैं, समझते हैं, बोलते हैं तो किसी ना किसी रूप में अपनी जड़ों से जुड़ते हैं, अपनी पहचान को गौरवशाली बनाते हैं। इसलिए हमें हिंदी बोलने या लिखने में झिझकना नहीं चाहिए।

जिस भाषा में हम घर-बाहर और दोस्तों से बात करते हैं, लोगों से जुड़ते हैं, उसके प्रति हमारे दिल में प्रेम, सम्मान होना चाहिए। लेकिन देखा जाता है कि हममें से बहुत लोग अंग्रेजी में बोलना अपनी शान समझते हैं, हिंदी बोलने में संकोच करते हैं, उसे हेय दृष्टि से देखते हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं, हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, राजभाषा भी है, हमारी पहचान है, देश का गौरव है। आओ बच्चों, हिंदी दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि हम अपनी मातृभाषा की कभी उपेक्षा नहीं करेंगे, इसके प्रति सदैव सम्मान का भाव रखेंगे।

## ऐसे हुई हिंदी दिवस मनाने की शुरुआत

बच्चों, हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा, इसके महत्व और इसकी विशिष्टताओं को बताने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाया जाता है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा यह घोषणा की गई थी कि भारत के ज्यादातर हिस्सों में बोली जाने वाली भाषा हिंदी, केंद्र सरकार की आधिकारिक भाषा और देश की राजभाषा होगी। 14 सितंबर 1949 की संवैधानिक घोषणा को ध्यान में रखते हुए साल 1953 से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाने की आधिकारिक शुरुआत हुई। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि हिंदी के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। 2024 का हिंदी दिवस अपने आप में बहुत खास है, क्योंकि राजभाषा के रूप में इस वर्ष हिंदी को 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

## संपर्क भाषा के रूप में हिंदी

हिंदी देश के अधिकांश हिस्सों में बोली और समझी जाती है। देश के लगभग सभी हिस्सों में बसे लोगों से हम हिंदी भाषा में बातचीत कर सकते हैं। विदेशों में बसे भारतीय लोग भी आपस में एक-दूसरे से प्रायः हिंदी में ही बात करते हैं। अब सोचो जरा, जब विदेशों में बसे शिक्षित भारतीय आपस में हिंदी में बात करते हैं, तो क्या हमें स्वदेश में अपनी मातृभाषा में बात करने में गर्व की अनुभूति नहीं होनी चाहिए? हमें तो सिर ऊंचा करके अपनी मातृभाषा हिंदी बोलनी चाहिए।

## हिंदी अवश्य पढ़ो

बच्चों, अगर तुम्हारी पढ़ाई का मीडियम अंग्रेजी है, तो इसका यह मतलब नहीं है कि हिंदी से कट जाओ। कई इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भी एक अनिवार्य या क्वालिफाइंग विषय के रूप में हिंदी पढ़ाई जाती है। अगर तुम्हारे स्कूल और सिलेबस में ऐसी व्यवस्था है, तो तुम हिंदी को सिर्फ क्वालिफाई करने के उद्देश्य से मत पढ़ो। बल्कि इसे पूरे मन से पढ़ो। साथ ही तुम हिंदी से संबंधित प्रतियोगिताओं, जैसे- रचनात्मक लेखन (जैसे निबंध, कहानी, कविता) और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लो। इससे हिंदी में तुम्हारी रुचि बढ़ेगी, तुम्हारी हिंदी अच्छी होगी, तुम्हारे दिल में हिंदी के प्रति प्रेम जागेगा।

## साहित्य पढ़ने में जगाओ रुचि



किस्से, कहानियां, कविताएं पढ़ना हर किसी को पसंद होता है। तुम भी हिंदी के महान साहित्यकारों की रचनाएं पढ़ो। हिंदी की स्तरीय पत्र-पत्रिकाएं विशेष रूप से बाल साहित्य भी पढ़ो। इससे तुम्हारी हिंदी ही नहीं अच्छी होगी, समझ भी बढ़ेगी, जीवन के प्रति एक नया और दृष्टिकोण भी विकसित होगा।

बच्चों, अपनी राजभाषा हिंदी को सही अर्थों में सच्चा सम्मान देने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम इसे अपने दैनिक जीवन में ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। हिंदी बोलने में जरा भी हिचकिचाहट या शर्म महसूस मत करें, गर्व से हिंदी बोलें। जब तुम ऐसा करोगे तो तुम्हारे दोस्त और सहपाठी भी तुम्हें देखकर हिंदी को अपनाएंगे उसे सम्मान देने लगेंगे। *

## हिंदी से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें

बच्चों, हिंदी से जुड़े कुछ ऐसे ऐतिहासिक और रोचक तथ्य हैं, जिनकी जानकारी तुम्हें भी होनी चाहिए, जानो-

**ऐसे पड़ा नाम 'हिंदी'** : हिंदी शब्द की उत्पत्ति मूलतः संस्कृत भाषा के शब्द 'सिंध' से हुई है, जिसका अर्थ है 'सिंधु नदी की भूमि' या सिंधु नदी के आस-पास का क्षेत्र। सिंध शब्द का ईरानी और फारसी में 'हिंद' उच्चारण किया जाता था। आगे चलकर सिंध यानी हिंद क्षेत्र के आस-पास बोली जाने वाली भाषा को 'हिंदवी' या 'हिंदी' कहा जाने लगा।

**हिंदी भाषा का प्राचीनतम स्रोत:** हिंदी भाषा की उत्पत्ति का मूल स्रोत प्राचीन भारतीय भाषा संस्कृत है। हिंदी के कई शब्द, व्याकरण और साहित्यिक परंपराएं बहुत हद तक संस्कृत से प्रेरित हैं। हिंदी की समृद्धि में संस्कृत का बहुत बड़ा योगदान है। हालांकि अपभ्रंश, अवहट्ट, अरबी, फारसी, उर्दू आदि भाषाओं का भी हिंदी पर व्यापक प्रभाव दिखता है।

**हिंदी की लिपि 'देवनागरी' की खासियत:** हिंदी भाषा लिखने के लिए देवनागरी लिपि का प्रयोग किया जाता है। इस लिपि की एक खासियत यह है कि इसमें जो लिखा जाता है, वही बोला जाता है। जबकि अंग्रेजी की रोमन लिपि या अन्य भाषाओं की लिपियों में यह विशेषता नहीं है।

**फिजी की आधिकारिक भाषाओं में एक हिंदी भी:** हिंदी, भारत के बाहर फिजी देश की तीन आधिकारिक भाषाओं में से एक है। इसे 'फिजियन हिंदी' के नाम से जाना जाता है, यह वहां अप्रवासियों द्वारा बोली जाने वाली अवधी और भोजपुरी जैसी भाषाओं पर आधारित है।

**हिंदी के पहले कवि और पहली पुस्तक :** प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो को हिंदी का पहला कवि माना जाता है। 1805 में लल्लू लाल द्वारा लिखित 'प्रेम सागर' आधुनिक हिंदी में लिखी गई पहली प्रकाशित पुस्तक मानी जाती है।

**विदेशों में भी बोली जाती है हिंदी:** हिंदी सिर्फ भारत में ही नहीं, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे कई अन्य देशों में भी बोली जाती है, खासकर वहां के अप्रवासी भारतीय हिंदी से बहुत प्रेम करते हैं। *

-अतिक्ष

### अन्य रोचक तथ्य

- 1913 में दादा साहब फाल्के द्वारा निर्देशित 'राजा हरिश्चंद्र' हिंदी सिनेमा की पहली फिल्म मानी जाती है।
- दुनिया भर के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है, जिनमें से 45 विश्वविद्यालय अकेले अमेरिका में स्थित हैं।
- मोबाइल को हिंदी में 'सचल दूरभाष यंत्र' और ट्रेन को 'लौह पथ गामिनी' कहा जाता है।
- 10 जनवरी को 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जाता है, इसकी शुरुआत 1975 में हुई थी।
- 1977 में अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में पहला भाषण दिया था।
- 1930 के दशक में हिंदी भाषा के लिए पहला टाइपराइटर लांच किया गया था।

## जीके क्विज- 120

1. पेरिस पैरालंपिक-2024 में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल कितने पदक जीते?
2. वर्तमान समय में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का क्या नाम है?
3. थाइलैंड का नया प्रधानमंत्री किसे नियुक्त किया गया है?
4. भारत में सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादन किस राज्य में होता है?
5. विश्व हृदय दिवस कब मनाया जाता है?
6. हिंदी के किस साहित्यकार को 'कथा सम्राट' कहा जाता है?
7. किस वेद में गायत्री मंत्र का उल्लेख मिलता है?
8. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
9. इलेक्ट्रिक आयरन को गर्म करने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
10. फिनलैंड की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-120 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-119 का उत्तर:** 1.अवनी लेखरा 2. आईएनएस अरिघात, 3.दिल्ली, 4.बाल गंगाधर तिलक, 5.विनय कुमार सक्सेना, 6.दूसरा, 7.मेजर ध्यानचंद, 8. 70 प्रतिशत, 9.कोलकाता, 10.काला

**जीके क्विज-119 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, पिनी छोटी-बालोद, गोकुल-ईमेल से, क्षमानिधि-ईमेल से, रोशन-राजनांदगांव, तुलसी-राजनांदगांव, मानवी मधुकर-बिलासपुर, पृथ्वीराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, चेतन-बालोद, आदित्य-बलौदा बाजार, हर्षित-कांकेर, दिव्या-बालोद

## हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चों, यहां हिंदी के कुछ प्रचलित मुहावरे और लोकोक्तियां दी गई हैं। लेकिन ये सभी अधूरी हैं, इनमें अंक / संख्या भरने पर ये पूरे और अर्थपूर्ण हो जाएंगे। इन सभी के रिक्त स्थानों में सही अंक / संख्या भरकर इन्हें पूरा करो।

1. ना ... मन तेल होगा, ना राधा नाचेगी।
2. ... दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात।
3. ... अनार ... बीमार।
4. ढाक के वही ... पात।
5. अंधा न्योते ... बुलाए।
6. ... बरस बाद घूरे के भी दिन फिरते हैं।
7. दुनिया का ... वां आश्चर्य।
8. ... पंथ ... काज।
9. दिमाग ... वें आसमान पर होना।
10. ... तिगाड़ा काम बिगाड़ा।

उत्तर : 1.नौ, 2.चार, 3.एक, सौ, 4.तीन, 5.दो, 6.बारह, 7.आठ, 8.एक, दो, 9.सात, 10.तीन

## कहानी

विमला रस्तोगी

लंदन से अपनी नानी के घर आई हर्षिता अंग्रेजी में ही बात करती थी। हर्षिता की मौसेरी बहन नीरा को लगा कि उसे अपनी मातृभाषा हिंदी जरूर आनी चाहिए। इसके लिए उसने कुछ प्रयास शुरू किए। क्या नीरा, हर्षिता को हिंदी सिखा पाई?

# हर्षिता ने सीखी हिंदी



हर्षिता अपने मां-पिता के साथ लंदन में रहती है। इन दिनों वह मां के साथ अपनी नानी के घर रायपुर आई हुई है। वह जब चार साल की थी, अपने माता-पिता के साथ लंदन चली गई थी। पिछली बार जब वह कुछ दिनों के लिए दिल्ली आई थी तो सबसे मिलना भी नहीं हो सका था।

इस बार अपनी नानी के घर आते हुए हर्षिता बहुत खुश थी, क्योंकि उसकी मौसीजी भी दिल्ली से रायपुर आ रही थीं। मौसी की बेटी नीरा, हर्षिता से एक साल बड़ी है। हर्षिता की नीरा से खूब पटरी खाती है। कई साल बाद वह नीरा से मिलेगी, इस बात से भी हर्षिता बहुत खुश थी।

हर्षिता और नीरा दोनों एक-दूसरे से मिलकर काफी खुश हुईं। मिलते ही वे एक-दूसरे से खूब बातें करने लगीं। हर्षिता ब्रिटिश अंदाज में फर्राटेदार अंग्रेजी बोल रही थी। नीरा भी दिल्ली के बहुत प्रसिद्ध अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पढ़ती है, तो वो भी अंग्रेजी में ही हर्षिता से बातें कर रही थी। नीरा की अपनी मातृभाषा हिंदी पर भी बराबर पकड़ थी। उसे यह जानकर अच्छा नहीं लगा कि हर्षिता हिंदी ठीक से नहीं बोल पाती। बस 'धन्यवाद', 'आप कैसे हैं', 'मैं अच्छी हूं' जैसे कुछ छोटे-छोटे वाक्य ही बोल पाती है।

नीरा अपनी नानी के घर अकसर छुट्टियों में आती है, तो आस- पास की लड़कियां उसकी सहेली बन गई हैं। अगले दिन नीरा, हर्षिता को उनसे मिलवाना चाहती थी लेकिन हर्षिता हिंदी ना बोल पाने के कारण उनसे मिलना नहीं चाहती थी, उसे लगा कि वह कैसे नीरा की सहेलियों से हिंदी में बात करेगी? नीरा ने हर्षिता से कहा, 'जब तुम पिछली बार लंदन गई थी, तब अच्छी हिंदी बोलती थी, वहां जाकर भूल गई? शायद तुम लोग वहां घर में भी हिंदी नहीं बोलते।'

'यस, हम इंग्लिश में.. करते हैं..बात।' हर्षिता ने अपनी टूटी-फूटी हिंदी में जवाब दिया। नीरा ने कहा, 'मेरे दिमाग में एक तरीका आया है।'

'व्हाट?' हर्षिता ने पूछा।

नीरा मुस्कुराते हुए बोली, 'व्हाट नहीं, क्या कहो।'

नीरा की बात सुनकर हर्षिता हंस दी। हर्षिता की हंसी बहुत प्यारी थी। नीरा ने उसे गले लगा लिया। रात को नीरा और हर्षिता एक ही कमरे में सोए। नीरा अपने छोटे भाई की हिंदी की किताब ले आई। जब घर के सभी लोग सोने चले गए, नीरा ने धीरे-धीरे हर्षिता को पढ़ाना और शब्दों का सही उच्चारण बताना शुरू किया। ऐसे उसने हर्षिता को कई दिन हिंदी सिखाया। एक दिन वह हर्षिता से बोली, 'देखो हर्षिता, हमें अपनी मातृभाषा तो आनी ही चाहिए, लंदन में भी भारतीय बच्चे घर में अपनी मातृभाषा ही बोलते हैं।'

'हम्म.. तुम .. ठीक .. कहती हो .. ।' अटक-अटक कर हर्षिता बोली। उसे हिंदी बोलते देखकर नीरा को बहुत अच्छा लगा। अगले दिन नीरा ने हर्षिता की मम्मी से कहा, 'मौसी जी, आपको घर में हर्षिता से हिंदी में बात करनी चाहिए। अब आप ही बताइए, नानीजी तो हर्षिता से बात ही नहीं कर सकतीं, क्योंकि उन्हें तो अंग्रेजी बिल्कुल भी समझ नहीं आती।' मौसी कुछ झेंपती हुई बोलीं, 'क्या बताऊं बेटा, हर्षिता को अपने विद्यालय में अंग्रेजी में ही बात करनी पड़ती है। उसके सभी दोस्त भी उससे अंग्रेजी में बात करते हैं। मैं और उसके पापा ऑफिस से फोन पर बात करते हुए और घर में भी हर्षिता को अंग्रेजी में ही जवाब देते हैं। इन्हीं सब कारणों से हर्षिता की हिंदी बोलने की आदत छूट गई, लेकिन अब हम घर में हर्षिता से हिंदी में ही बात करेंगे।'

'हां मौसीजी, यह ठीक रहेगा।' नीरा ने कहा।

नीरा हर समय अलग-अलग तरीके से हर्षिता को हिंदी सिखाने की कोशिश करने लगी। हर्षिता कभी झुंझला भी जाती, पर नीरा कभी बुरा नहीं मानती।

नानीजी के घर में सब लोग हिंदी में ही बात करते थे। धीरे-धीरे हर्षिता की हिंदी बोलने की हिचक कम हो रही थी। नीरा ने घर में सबसे कह दिया था कि हर्षिता के हिंदी बोलने पर कोई नहीं हंसेगा। दिन बीत रहे थे। आखिर नीरा की मेहनत रंग लाई। हर्षिता काम लायक हिंदी बोलने लगी। अब वह नानीजी के पास बैठकर उनसे बातें करती। नानीजी ने उसे हिंदी में कई मजेदार कहानियां सुनाईं। अब हर्षिता ज्यादा समय नीरा और नानीजी के साथ बिताने लगी। उन्हें लंदन के बारे में, अपनी सहेलियों के बारे में बताती, वो भी हिंदी में। नानीजी उसे उसकी मम्मी के बचपन की बातें सुनातीं। हर्षिता को नानीजी की बातें सुनकर बहुत आनंद आता।

एक रोज हर्षिता नीरा की सहेलियों से मिलने पार्क में भी गई, उन सभी से हर्षिता ने हिंदी में खूब बातें की। नीरा ने बताया, '14 सितंबर को हम हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं।' हर्षिता को यह जानकर बहुत अच्छा लगा।

उसके वापस लंदन जाने के दिन पास आ गए। अब वह ज्यादा समय नानीजी के साथ बिताना चाहती थी। नानीजी भी हर्षिता को खूब प्यार-दुलार करतीं, बार-बार उसे गले लगाकर माथा चूम लेतीं। यह सब हिंदी की ही तो देन थी। अब हर्षिता को समझ में आ रहा था कि हिंदी नहीं आने की वजह से वह कितना कुछ जान नहीं पा रही थी, महसूस नहीं कर पा रही थी। उसने तय किया कि वह चाहे दुनिया के किसी भी देश में रहे, किसी भी भाषा में पढ़ाई करे, लेकिन अपनी मातृभाषा हिंदी का साथ नहीं छोड़ेगी। *

## कविता

डॉ. फहीम अहमद



# मीठी हिंदी

जब भी कोई बोले हिंदी,
कानों में रस घोले हिंदी।
साथ सभी को लेकर चलती,
सबके दिल में डोले हिंदी।
भाषाओं की रानी हिंदी,
कविता, गीत, कहानी, हिंदी।
बढ़ा रही गौरव भारत का,
दुनिया ने पहचानी हिंदी।
हर धड़कन में बसती हिंदी,
हर जबान पर हंसती हिंदी।
सबके दिल में घर कर जाती,
शहद सरीखी मीठी हिंदी।
है बहती जलधारा हिंदी,
सबका बनी सहारा हिंदी।
बढ़ा रही है जनमानस में,
समता, भाईचारा हिंदी।

## रंग भरो-158

**रंग भरो-158** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आतिया, बहादुरगढ़

रितेश, मटियारी

पृथ्वीराज, बिलासपुर

प्रगति, बिलासपुर

हिमांशी श्याम, रायपुर

हर्षित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जीविका-भिलाई, पीहु-जांजगीर, दिव्या-रायपुर, पूजा-बालोदा बाजार, मंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनी-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, गोविंदा-रायपुर, संजय-अंबिकापुर, कल्पना-राजनांदगांव, राज-रायपुर

## रंग भरो 159






बच्चों, यहां दिए गए चित्र में आरव हिंदी कहानियों और आराध्या हिंदी कविताओं की किताब पढ़ रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## शब्द पहेली



बच्चों, यहां बॉक्स में दिए गए अक्षरों को बाएं से दाएं या ऊपर से नीचे मिलाने पर कुछ शब्द बनेंगे। तुम इस बॉक्स में छिपे उन शब्दों को ढूंढो तो जरा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चा | दी | पा | व | ली | कु |
| वी | र | द | न | म | क |
| ता | रा | री | पा | री | टा |
| आ | म | रो | लो | च | न |
| ब | गु | ला | री | दो | आ |
| र | बा | भ | स | नौ | ती |

उत्तर: 1.दीपावली, 2.आम, 3.बगुला, 4.पादरी, 5.वीर, 6.नमक, 7.लोचन, 8.लोरी, 9.राम, 10.वन

# नीरज और साबले डायमंड लीग सत्र फाइनल में पेश करेंगे भारतीय चुनौती




एजेंसी ▶▶| ब्रसेल्स

भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा और स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबिले शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे डायमंड लीग सत्र के फाइनल में दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों के सामने भारत की चुनौती पेश करेंगे। पहली बार डायमंड लीग फाइनल दो दिन में होगा जिसमें ओलंपिक पदक विजेताओं समेत दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी 32 स्पर्धाओं में उतरेंगे।

पोल वॉल्ट रिकार्डधारी अर्मांड डु प्लांटिस, अमेरिकी फर्राटा धाविका शाकारी रिचर्डसन और बाधा दौड़ स्टार सिडनी मैकलाफलिन लेवरोन इसमें नजर आएंगे।



### भाला फेंक स्पर्धा कल

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी साबले पेरिस ओलंपिक में 11वें स्थान पर रहे थे। वह पहली बार डायमंड लीग सत्र के फाइनल में उतरेंगे और उनकी स्पर्धा शुक्रवार को है। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा शनिवार को उतरेंगे तो जीत के साथ सत्र का समापन करना चाहेंगे। डायमंड लीग फाइनल में पहली बार दो भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे।

### साबले का प्रदर्शन

साबले डायमंड लीग तालिका में 14वें स्थान पर रहे जिनके तीन अंक हैं। उनसे ऊंची रैंकिंग वाले इथियोपिया के लामेचा गिरमा (चोटिल), न्यूजीलैंड के जोर्डी बीमिश, जापान के रियुजी मूरा और अमेरिका के हिलेरी बोर ने नाम वापिस ले लिया जिससे उन्हें शीर्ष 12 के कटआफ में जगह मिली। साबले सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में छठे स्थान पर रहे थे और उन्होंने अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ा था। वह सिलेसिया चरण में 14वें स्थान पर रहे। चोपड़ा 14 अंक लेकर चौथे स्थान के साथ फाइनल में पहुंचे हैं। वह दोहा और लुसाने में दूसरे स्थान पर रहे थे।



### विजेता होगा मालामाल

डायमंड लीग सत्र का फाइनल जीतने वाले को डायमंड ट्रॉफी और 30000 डॉलर नकद पुरस्कार मिलता है। इसके अलावा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड भी दिया जाता है। उपविजेता को 12000 डॉलर मिलते हैं।

### चौथे स्थान पर चोपड़ा

चोपड़ा ने पिछले सप्ताह ज्यूरिख चरण में भाग नहीं लिया था। वह चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मनी के जूलियर वेबर से पीछे हैं। चोपड़ा इस सत्र में फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं और ग्रोइन की चोट से निजात पाने के लिए डॉक्टर को दिखाएंगे।

## खबर संक्षेप



### खेल मंत्री ने लिएंडर पेस से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय खेलों के भविष्य तथा ओलंपिक और पैरालंपिक में देश के प्रदर्शन में सुधार के लिए रणनीति पर चर्चा के लिए गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल लिएंडर पेस से मुलाकात की। मांडविया ने ट्वीट किया, 'आज महान ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर से मुलाकात शानदार रही। उन्हें टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने के लिए बधाई भी दी। वह अब भी युवा खिलाड़ियों को उनके सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करते हैं।'

### अमेरिका, स्पेन, इटली और ब्रिटेन जीते

**वालेंशिया।** अमेरिकी ओपन से दूसरे दौर में बाहर होने के दो सप्ताह बाद कार्लोस अल्काराज एक और उलटफेर की कगार पर थे जब चेक गणराज्य के खिलाफ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण के पहले दौर के मैच में एक सेट गंवा बैठे। तीसरी रैंकिंग वाले अल्काराज ने हालांकि जीत दर्ज की जब थॉमस मचाक को चोट के कारण कोर्ट छोड़ना पड़ा। उस समय स्कोर 6-7, 6-1 था। इसके बाद रॉबर्टो बतिस्टा एगुट ने जिरि लेहेका को 7-6, 6-4 से हराया और अल्काराज ने मार्शेल ग्रानोलेर्स पुजोल के साथ युगल मुकाबला जीतकर स्पेन को 3-0 से जीत दिलाई।



### टीपीएल के छठे सत्र में पदार्पण करेंगे बोपन्ना

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और अनुभवी युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना दिसंबर में यहां होने वाले टेनिस प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में पदार्पण करेंगे। दुनिया के छठे नंबर के युगल खिलाड़ी 44 वर्षीय बोपन्ना ने मेलबर्न में मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर सत्र का शुरुआती ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। युगल में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बोपन्ना ने कहा, 'मैं टेनिस प्रीमियर लीग का हिस्सा बनने को लेकर रोमांचित हूं, विशेषकर इसके 25 अंक के प्रारूप के कारण। यह साल का अंत करने का शानदार तरीका है।'



### बारिश के कारण चौथे दिन का भी खेल धुला

**ग्रेटर नोएडा।** बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन का खेल धुल गया। दोनों टीमों के बीच टॉस सुबह नौ बजे होना था लेकिन भारी बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द करना पड़ा। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टीमों के बीच चौथे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण नहीं हो सकेगा।



**हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : कोरिया को 3-1 से दी शिकस्त**

# भारत की लगातार चौथी जीत हरमनप्रीत ने दागा 200वां गोल

**कप्तान हरमनप्रीत ने नौवें और 43वें मिनट में दागे गोल**

एजेंसी ▶▶| हुलुनबुइर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने गुरुवार को कोरिया को 3-1 से हराकर हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-0 और मलेशिया को 8-1 से हराया था। सेमीफाइनल में जगह बना चुकी भारतीय टीम अब शनिवार को आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान से खेलेगी।

छह टीमों के टूर्नामेंट में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो सोमवार को खेला जाएगा जबकि फाइनल मंगलवार को होगा। भारत ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए पहले ही क्वार्टर में दो गोल की बढ़त बना ली। मलेशिया के खिलाफ दो गोल करने वाले अराइजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद विश्व के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में शुमार हरमनप्रीत ने नौवें और 43वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। कोरिया के लिए एकमात्र गोल 30वें मिनट में जिहुन यांग ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा।



### 200 के क्लब में शामिल होने वाले तीसरे भारतीय

*कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर कोरिया टीम के खिलाफ 2-0 से बढ़त बना ली। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपना 200 गोल भी पूरा किया। ध्यानचंद और बलबीर सिंह दोसांझ के बाद हरमनप्रीत सिंह 200 गोल पूरा करने वाले तीसरे भारतीय हॉकी खिलाड़ी बने।*

### पहला हाफ

भारत ने एक बार फिर आक्रामक शुरुआत की और सुखजीत सिंह के पास पर अराइजीत ने पहला गोल दागा। इसके एक मिनट बाद ही मलेशिया के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले राजकुमार पाल ने भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाया जिस पर हरमनप्रीत ने गोल किया। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने प्रभावी प्रदर्शन किया और दूसरे क्वार्टर में कोरिया को गोल नहीं करने दिया। दूसरे क्वार्टर में कोरिया ने भारतीय गोल पर कई हमले बोले और आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर यांग ने गोल दाग दिया।

### दूसरा हाफ

कोरिया को 35वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस मुस्तैद था। भारत को दो मिनट बाद दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका। हरमनप्रीत ने 43वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत की बढत 3-1 की कर दी। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में जरमनप्रीत सिंह ने एक पेनल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कोरियाई टीम उस पर गोल नहीं कर सकी।

**क्रिकेट**

## ट्रेविस हेड की पारी से आस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया




एजेंसी ▶▶| साउथम्पटन

ट्रेविस हेड के 19 गेंद में अर्धशतक के दम पर आस्ट्रेलिया ने तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के उद्घाटन मैच में इंग्लैंड को 28 रन से हरा दिया। आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर तीन गेंद बाकी रहते 179 रन पर आउट हो गई।

पावरप्ले में आस्ट्रेलिया ने 86 रन बनाए थे और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 118 रन था। एक समय लग रहा था कि आस्ट्रेलिया 200 का आंकड़ा पार करेगा। हेड ने 19 गेंद में अर्धशतक जमाते हुए 59 रन बनाए जिसमें आठ चौके और चार छक्के थे।इंग्लैंड को चोटिल कप्तान जोस बटलर की कमी खली। उसने चार विकेट 52 रन पर गंवा दिए। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन (37) और सैम कुरेन (18) ने वापसी की कोशिश करते हुए पांचवें विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने इसके बाद दस गेंद के भीतर तीन विकेट गंवा दिए जिससे स्कोर सात विकेट पर 113 रन हो गया। पूरी टीम चार गेंद बाकी रहते 151 रन पर आउट हो गई। बाकी दो मैच कार्डिफ में शुक्रवार को और मैनचेस्टर में रविवार को खेले जाएंगे। इसके बाद पांच मैचों की वनडे श्रृंखला होगी।

### भाकर को आराम, विश्व कप फाइनल में उतरेगी रिदम

**नई दिल्ली।** रिदम सांगवान सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्पर्धाओं में उतरने वाली अकेली भारतीय होंगी जबकि दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक के बाद तीन महीने का ब्रेक दिया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने गुरुवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। टूर्नामेंट राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्ग में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर 13 से 18 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

**दलीप ट्रॉफी**

## किशन का शतक के साथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यादगार वापसी



एजेंसी ▶▶| अनंतपुर

इशान किशन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक साल से भी अधिक समय बाद जोरदार वापसी करते हुए शतक जड़ा जिससे भारत सी ने गुरुवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच में भारत बी के खिलाफ पांच विकेट पर 357 रन बनाए।

किशन ने 126 गेंद में 14 चौकों और तीन छक्कों से 111 रन की पारी खेली। भारत सी ने इससे पहले अच्छी शुरुआत के बाद सलामी बल्लेबाजों रजत पाटीदार (40) और बी साई सुदर्शन (43) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवाए जिससे उसका स्कोर दो विकेट पर 97 रन हो गया। किशन ने इस मुकाबले के साथ अपनी फिटनेस भी साबित की। वह शुरुआत में भारत डी टीम में थे लेकिन ग्रोइन की चोट के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में नहीं खेल पाए।

किशन के विकल्प के तौर पर संजू सैमसन को भारत डी टीम में शामिल किया गया था जिसके बाद किशन को सी टीम में जगह मिली। किशन ने बाबा इंद्रजीत (78 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी करके भारत सी को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

### मुलानी नाबाद, भारत ए का स्कोर 288/8

**अनंतपुर।** गेंदबाजी आल राउंडर शम्स मुलानी (नाबाद 88 रन) अपने पहले प्रथम श्रेणी शतक के करीब पहुंच गये और उनकी पारी की बदौलत भारत ए ने बृहस्पतिवार को भारत डी के खिलाफ दलीप ट्राफी मैच के पहले दिन मुश्किल स्थिति से उबरते हुए स्टंप तक आठ विकेट पर 288 रन बना लिए। मुलानी ने मुंबई के साथी तनुष कोटियान (53 रन) के साथ मिलकर 91 रन की भागीदारी निभाई जिससे पहले सत्र में 93 रन तक पांच विकेट गंवाने वाली भारत ए उबरने में सफल रही।



### शतरंज ओलंपियाड में भारत की शानदार शुरुआत

**बुडापेस्ट।** भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में शानदार शुरुआत करते हुए मोरक्को को 4-0 से हराया जबकि महिला टीम ने जमैका पर 3.5-0.5 से जीत दर्ज की। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने पहले दौर से ब्रेक लिया है। आर प्रज्ञानानंदा ने शुरुआत करते हुए तिसिर मोहम्मद को हराया। विदित गुजराती, अर्जुन एरिगेसी और पी हरिकृष्णा ने भी अपने अपने मुकाबले जीते।

महिला वर्ग में आर वैशाली और तानिया सचदेव ने पहले टाइम कंट्रोल में ही जीत दर्ज कर ली जबकि दिव्या देशमुख को जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा। वहीं वंतिका अग्रवाल ने ड्रॉ खेला। अन्य मुकाबलों में अमेरिका ने पनामा को 3.5-0.5 से हराया। ओपन वर्ग में 99 टीमों ने जीत के साथ शुरुआत करके दो दो अंक बनाए। प्रज्ञानानंदा ने मोरक्को के मोहम्मद को मात दी जबकि गुजराती ने ओखिर मेहदी पियरे को हराया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एरिगेसी ने भी जाक एलबिलिया के खिलाफ अपना मुकाबला मजबूती से जीता। हरिकृष्णा को अनस मोसियाद ने चुनौती दी लेकिन खेल की उनकी गहरी समझ प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की मुलाकात ...



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर भारत के पैरालंपियन खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के लिए बधाई दी। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकंड के वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा जा सकता है।

**डेविस कप : मेजबान टीम मजबूत नहीं, टूर्नामेंट आज से**

# भारत के पास स्वीडन को पहली बार हराने का मौका

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

भारत के शीर्ष खिलाड़ी भले ही नहीं खेल रहे हों लेकिन डेविस कप टीम के पास 14 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व ग्रुप वन मुकाबले में स्वीडन पर पहली जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका है। भारत ने डेविस कप के इतिहास में कभी स्वीडन को हराया नहीं है। भारतीय टीम अपने सर्वश्रेष्ठ एकल और युगल खिलाड़ी सुमित नागल और युकी भांबरी के बिना यहां पहुंची है जो अलग अलग कारणों से बाहर हैं। इसके बावजूद भारत का पलड़ा भारी हो सकता है क्योंकि स्वीडन की टीम उतनी मजबूत नहीं है।

घरेलू हालात और मध्यम रफ्तार के कोर्ट का फायदा स्वीडन को मिल सकता है क्योंकि भारत को तेज रफ्तार कोर्ट अधिक



रास आता है। पहले दिन रामकुमार रामनाथन पर नजरें होंगी। दूसरे एकल में निकी पूनाचा और एन श्रीराम बालाजी में से किसी को उतारा जा सकता है। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी एक विकल्प हैं लेकिन इस महत्वपूर्ण मुकाबले में उन्हें उतारे जाने की संभावना कम ही है क्योंकि उनके पास अनुभव की कमी है।कप्तान रोहित राजपाल युगल विशेषज्ञ बालाजी को एकल में उतार सकते हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रासकोर्ट पर भी एकल मुकाबला खेला था। बालाजी ने उस मैच में अनुभवी अकील खान को हराया था। पूनाचा प्रतिभाशाली हैं लेकिन अभ्यास के दौरान उनके टखने में मोच आई है। देखना होगा कि वह कितने फिट हैं। उन्होंने इस साल पुणे में नागल को हराया था लेकिन एकल में ज्यादा मैच खेले नहीं हैं।

### कोर्ट में ढलने के लिए कर रहे अभ्यास

*राजपाल ने कहा, 'हमारे पास अच्छी सर्विस करने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन ये मध्यम रफ्तार वाले कोर्ट है जिसके अनुकूल ढलने के लिए हम काफी अभ्यास कर रहे हैं। अगर युकी और सुमित होते तो हम आसानी से जीत जाते। अभी बराबरी का मामला है। पूनाचा अब बेहतर महसूस कर रहे हैं और फिजियो को यकीन है कि वह मैच तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे।' भारत के नए डेविस कप कोच आशुतोष सिंह ने कहा, 'हम जीत सकते हैं लेकिन यह डेविस कप है। इसमें कुछ भी हो सकता है। रैंकिंग मायने नहीं रखती। हमारे खिलाड़ी यूएस ओपन खेलकर आ रहे हैं तो हमारे पास अच्छा मौका है।'*





# छग के सभी मेडिकल कॉलेजों में अब वेतन एक समान, आदेश के बाद कहीं वृद्धि तो कहीं कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेजों में अब वेतन में एकरूपता रहेगी। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेसीडेंट और प्राध्यापकों का वेतन निर्धारित कर दिया गया है। अब तक मेडिकल कॉलेज में ऑटोनॉमस बॉडी द्वारा वेतनमान का निर्धारण किया जाता था। इस व्यवस्था के चलते प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में भिन्न-भिन्न पे-स्केल था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए वेतनमान संबंधित निर्देश के बाद कुछ महाविद्यालयों में वेतन वृद्धि होगी तो कुछ में तनख्वाह पहले से कम हो जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए निर्णय के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेसीडेंट व प्रदर्शक (पीजी), सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं प्राध्यापक के वेतन में वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 1 सितंबर 2024 से पूरे राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों के लिए प्रभावी होगा। चिकित्सकों के एक वर्ग में इसे लेकर असंतोष भी है। उनका कहना है कि इसे वेतन वृद्धि कहना उचित नहीं है, क्योंकि कई स्थानों में पहले से ही इससे अधिक वेतन मिल रहा है।

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेसीडेंट से लेकर प्राध्यापकों तक का वेतन निर्धारित

### जानिए, अब कितनी तनख्वाह

*छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के द्वारा जारी आदेश के अनुसार गैर अनुसूचित क्षेत्रों के मेडिकल कालेज में पदस्थ प्राध्यापक का वेतन अब 1 लाख 90 हजार रूपए होगा। इसी तरह से सह प्राध्यापक का वेतन 1 लाख 35 हजार से 1 लाख 55 हजार, सहायक प्राध्यापक का वेतन 90 हजार से 1 लाख तथा सीनियर रेसीडेंट व प्रदर्शक (पीजी) का वेतन 75 हजार रूपए कर दिया गया है। अनुसूचित क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेज में पदस्थ प्राध्यापक का वेतन 1 लाख 90 हजार रूपए से बढ़ाकर 2 लाख 25 हजार रूपए कर दिया गया है।*



प्राध्यापक को अब अनुसूचित क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार तथा गैर अनुसूचित क्षेत्र में मिलेगा 1 लाख 90 हजार रूपए वेतन

### प्राध्यापकों को मिलेंगे 1 लाख 55 हजार

*इसी तरह से सह प्राध्यापक का वेतन 1 लाख 55 हजार से 1 लाख 85 हजार, सहायक प्राध्यापक का वेतन 90 हजार से 1 लाख 25 हजार तथा सीनियर रेसीडेंट व प्रदर्शक (पीजी) का वेतन 65 हजार रूपए से बढ़ाकर 95 हजार रूपए कर दिया गया है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के संविदा चिकित्सकों के लिए जारी पुनरीक्षित संविदा वेतनमान के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में लगभग 46 फीसदी तथा गैर अनुसूचित क्षेत्र में लगभग 23 फीसदी की वेतन वृद्धि की गई है। इस वेतन वृद्धि को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पढ़ने वाले भावी डाक्टरों का ये अधिकार है कि उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाला शिक्षक और शिक्षा मिले।*

# चिट्ठी पढ़कर भगवान गणेश करते हैं भक्तों की मनोकामना पूरी

हफीज खान ▶▶| राजनांदगांव

गणेशोत्सव

देशभर में आस्था और विश्वास की कई अनूठी मिसालें मिलती हैं। भगवान पर अटूट श्रद्धा अगर हो तो मनोकामना पूर्ण भी हो जाती है। अपनी मन्नतों को पूरी करने के लिए भक्त भगवान को हर तरह से रिझाने की कोशिश करते हैं। राजनांदगांव के गणेश मंदिर में श्रद्धालु भगवान गणेश से सीधे पत्र के जरिए अपनी मनोकामना करते हैं और भगवान गणेश भी उनकी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। यह सिलसिला कई दशकों से चला रहा है। राजनांदगांव शहर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिथिला धाम गणेश मंदिर में कई वर्षों से भक्तों का पत्र व्यवहार सीधे भगवान श्रीगणेश से जारी है। यहां भक्त अपनी मनोकामनाओं को कागज में लिखकर एक लाल कपड़े में नारियल के साथ लपेटकर भगवान गणेश के चरणों में रख देते हैं। भक्तों का मानना है कि इस गणेश मंदिर में भगवान से मन्नत मांगने के लिए एक कागज में लिखकर अर्जी दी जाए तो वह जरूर पूरी होती है।

## अनोखी परंपरा ने बांध रखी है दशकों से आस्था की डोरी





### पत्र के माध्यम से भगवान से सीधा संवाद

*भगवान गणेश मंदिर में श्रद्धालु प्रथम पूज्य भगवान गणेश को पत्र के जरिए सीधे संवाद करते हैं। श्रद्धालु अपनी इच्छाओं को भगवान के सामने पत्र पर आस्था की स्याही से उतारते हैं और उन्हें इसकी पूर्ति के लिए सौंप देते हैं। श्रद्धालु अपने पत्र में नौकरी, परिवारिक शांति, शादी, सतान और परीक्षा में सफलता के परिणाम आदि देने के लिए भगवान विघ्नहर्ता को पत्र लिख रहे हैं।*

### मनोकामना पूरी होने पर पत्रों का विसर्जन

*मंदिर के पुजारी पंडित हरि शरण का कहना है भक्त यहां आकर नारियल में बंधा पत्र चढ़ा जाते हैं और मनोकामना पूरी होने के बाद स्वयं आकर बताते हैं। तब नारियल में बंधी पर्ची को विसर्जित कर दिया है।*

### माह की चतुर्थी पर अर्जी

मिथिला धाम गणेश मंदिर में प्रत्येक बुधवार और माह के प्रत्येक चतुर्थी को भक्त यहां आकर भगवान को पत्र के माध्यम से अपनी मनोकामना की अर्जी देते हैं।

### लगभग 27 वर्षों से चली आ रही परंपरा

पत्र के जरिए यहां भगवान गणेश से मिन्नत करने की परम्परा पिछले लगभग 27 वर्षों से जारी है। जैसे-जैसे लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती जा रही है। वैसे ही यहां पर चिट्ठी रखने वाले भक्तो की संख्या बढ़ती जा रही है।

### बाहर गई थी महिला, अचानक घर में घुसे लोग, बदल दिया हुलिया

वॉशिंगटन। एक रिपोर्ट के अनुसार क्लोई फाउंटेन एक कंटेंट क्रिएटर हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसमें उन्होंने बताया कि उनके घर में अंजान लोग घुस गए और उनके घर को रेनोवेट कर दिया। हैरानी इस बात की थी कि उन्होंने रेनोवेशन के लिए किसी को बुलाया ही नहीं था।












# चोट लगे या हो खतरनाक बीमारी, फटाक से खुद का इलाज करते हैं चिम्पैंजी

**लंदन**। वैज्ञानिकों के अनुसार, जंगली चिम्पांजी खुद को ठीक करने के लिए दर्द निवारक और बैक्टीरिया रोधी गुणों वाले पौधे खाते हैं। उन्होंने युगांडा के जंगलों में अपने खोजबीन करने पाने की काबिलियत का प्रदर्शन किया। उन्होंने घायल या बीमार दिखने वाले जानवरों का निरीक्षण करके यह पता लगाया कि क्या वे पौधों के साथ खुद का इलाज कर रहे हैं या नहीं। अध्ययन के नतीजों को एक बहुत



अहम और बड़ी खोज के तौर पर देखा जा रहा है। जब कोई घायल जानवर जंगल से खाने के लिए कुछ खास खोजता था, तो शोधकर्ताओं ने उस पौधे के नमूने जमा किए और उसका विश्लेषण किया। परीक्षण किए गए अधिकांश पौधों में बैक्टीरिया रोधी गुण पाए गए। पीएलओएस वन जर्नल में अपने नतीजे प्रकाशित करने वाले वैज्ञानिकों का मानना है कि चिम्पांजी नई दवाओं की खोज में भी मदद कर सकते हैं।






### रद्दी कागज समझ जिसे उठाया, 13 साल बाद वही बन गया 'सोना'

**लंदन**। जिंदगी काफी अजीब सी चीज है। यहां चीजें इतनी अनिश्चित होती हैं कि हम समझ भी नहीं पाते कि कब परिस्थितियां हमारे पक्ष में या कब विपक्ष में चली जाएं। खासतौर पर आपकी किस्मत का दरवाजा कब खुल जाए, इस बारे में तो कुछ कहा ही नहीं जा सकता है। कुछ ऐसा ही हुआ एक लड़के के साथ, जिसने बचपन में एक मामूली सी चीज कचरे से उठाई थी, जो बाद में उसे मालामाल कर गई। केंट में क्रैनब्रुक के रहने वाले मैट विंटर ने 11 साल की उम्र में एक महिला को कचरे का बैग फेंकते देखा। बैग में ब्लैक एंड व्हाइट रद्दी पेपर थे। मैट ने उनसे पूछा कि वो इन पेपर्स को ले सकते हैं? महिला के हामी भरने के बाद उसने इसमें से एक एनग्रेव्ड पेंटिंग (**Knight, Death and the Devil**) को अपने पास रख लिया। हालांकि, उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि ये उसे कितना फायदा देने वाली है।

### लाखों में बिकने को तैयार है 'कचरा'

13 साल बाद मैट विंटर को 24 साल की उम्र में पता चला कि ये पेंटिंग मामूली नहीं है, बल्कि ये जर्मनी में पैदा हुए महान आर्टिस्ट अल्बर्चस डुरेर की है। उन्होंने 1513 में इसे बनाया था। पुनर्जागरण काल की बनी इस पेंटिंग को **Rare Book Auctions** की ओर से नीलाम किया जा रहा है। इसकी कीमत कम से कम 22 लाख रुपए लगने वाली है या फिर ये और ज्यादा बढ़ भी सकती है। **Rare Book Auctions** के डायरेक्टर जिम ने कहा कि उन्होंने इसे अच्छी तरह चेक किया और उन्हें समझ में आया कि ये डुरेर के अलावा कोई बना ही नहीं सकता। इसकी नीलामी 18 सितंबर को होगी।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com